

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार, 29 जनवरी 2026 ■ माघ शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-299 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 जनवरी 2026 ■ मूल्य 2.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## कोर्ट ने यूजीसी के नए नियम पर लगाई रोक

### नए नियम अस्पष्ट, इसके दुरुपयोग का खतरा

**नई दिल्ली, 29 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी के नए नियमों पर सुनवाई करते हुए बड़ा आदेश दिया है. चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस ज्योमाल्या बागची की बेंच में मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि यूजीसी के नए नियम अस्पष्ट हैं और इसके दुरुपयोग का खतरा है. इसके बाद कोर्ट ने यूजीसी के नए नियमों पर स्टे लगा दिया है. इस मामले की अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी.

**कोर्ट की तीखी टिप्पणी :** गौरतलब है कि याचिकाकर्ता के वकील विष्णु शंकर जैन ने सुनवाई के दौरान कहा कि वो हम त्रष्ट एक्ट की धारा 3(सी) को चुनौती दे रहे हैं और ये असंवैधानिक है. सुनवाई के दौरान जहां चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी देश जातियों के जंजाल से नहीं निकल पाया है तो वहीं, जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने अमेरिका वाली स्थिति का जिक्र कर दिया. बागची ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि हम उस स्थिति तक नहीं पहुंचेंगे जहां अमेरिका की तरह अलग-अलग स्कूल हों जहां कभी अश्वेत और श्वेत बच्चों को अलग-अलग स्कूलों में पढ़ना पड़ता था.



#### 2012 के नियम फिर से होंगे लागू

चीफ जस्टिस ने आदेश देते हुए कहा कि 2012 के नियम फिर से लागू होंगे. शीर्ष अदालत ने कहा कि रेगुलेशन में जो शब्द इस्तेमाल किए गए हैं उनसे यह लगता है कि इस रेगुलेशन का दुरुपयोग किया जा सकता है. जस्टिस बागची ने कहा कि हम समाज में एक निष्पक्ष और समावेशी माहौल बनाने पर विचार कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जब 3ई पहले से मौजूद है, तो 2सी कैसे प्रासंगिक हो जाता है?

## राहुल-सोनिया-प्रियंका गांधी समेत 45 लोगों के खिलाफ कोर्ट में शिकायत

**रायबरेली, 29 जनवरी।** जनपद में एक नया राजनीतिक विवाद उभर आया है. पाजा फाउंडेशन की ओर से कांग्रेस के प्रमुख नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी सहित कुल 45 लोगों के खिलाफएमपी-एमएलए कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई है.

आरोप है कि सरकारी अभिलेखों में हेराफेरी कर और कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल करके एक स्कूल को सीबीएसई बोर्ड (CBSE) से मान्यता दिलाई गई. शिकायतकर्ता फाउंडेशन का दावा है कि जिस जमीन पर यह स्कूल स्थापित किया गया है, उसका लैंड सर्टिफिकेट ही जारी नहीं हुआ था. फिर भी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर स्कूल को मान्यता प्रदान कराई गई, जो धोखाधड़ी और सरकारी दस्तावेजों में हेराफेरी का गंभीर मामला है.

अर्जी में मांग की गई है कि इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए. कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है. पुलिस को जल्द ही अपनी जांच रिपोर्ट सौंपनी होगी, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही तय होगी. पाजा फाउंडेशन ने आरोप लगाया है कि यह केवल एक स्कूल की मान्यता का मामला नहीं, बल्कि सरकारी प्रक्रिया की धज्जियां उड़ाने और फर्जीवाड़े का प्रयास है.

## सरकार ने पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण

### जीडीपी ग्रोथ और एआई पर विशेष फोकस



**नई दिल्ली, 29 जनवरी।** फरवरी में पेश होने वाले आम बजट से पहले 29 जनवरी 2026 को संसद में इकोनॉमिक सर्वे पेश कर दिया गया है. रिपोर्ट में भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान, महंगाई समेत एक साल के दौरान भारत का आर्थिक लेखा-जोखा दिया गया है. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट सत्र के दौरान लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया है. वित्त वर्ष 2027 में भारत की जीडीपी ग्रोथ का अपर रेंज अनुमान 7.2% और लोअर रेंज अनुमान 6.8% लगाया गया है. जीडीपी में तेजी के पीछे मजबूत घरेलू डिमांड को बड़ा कारक माना गया है.

वहीं आर्थिक सर्वे में एआई को लेकर पहली बार अलग से चैप्टर है, यानी नई टेक्नोलॉजी पर आने वाले दिनों में सरकार को पूरा फोकस रहने वाला है. भारत के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच घरेलू मांग से प्रेरित वित्त वर्ष 2026 के पहले अनुमान में 7.4% की मजबूत ग्रोथ की डिटेल दी गई है. यह बुनियादी ढांचे के विस्तार, राजकोषीय विवेकशीलता और लचीलेपन के लिए सुधारों पर जोर देता है. वैश्विक अनिश्चितता को देखते हुए आर्थिक सर्वेक्षण में बड़े पैमाने पर इसका जिक्र किया गया है, ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था पर ग्लोबल प्रभावों को कम किया जा सके.

#### इकोनॉमिक सर्वे में क्या-क्या खास

- इस बार आर्थिक सर्वेक्षण में कुल 16 चैप्टर रखा गया है.
- एआई के लिए इसमें एक अलग चैप्टर रखा गया है.
- वित्त वर्ष 2027 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अपर रेंज अनुमान 7.2 फीसदी और लोअर रेंज अनुमान 6.8 फीसदी
- आर्थिक सर्वेक्षण में सोने-चांदी को लेकर खास जिक्र
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया.
- फाइनेंशियल ईयर 26 के लिए भारत की विकास दर 7% से अधिक है, क्षमता बढ़कर 7% हो गई है. अमेरिकी टैरिफके बावजूद मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है.
- राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 4.8% पर पूरा हुआ.
- सीएडी पर निर्भरता के कारण रुपये का मूल्य कम हुआ है. मुद्रा स्थिरता के लिए विनिर्माण निर्यात आवश्यक है.
- जीएसटी सुधारों का अगला चरण ई-वे बिल प्रणाली पर केंद्रित हो सकता है
- विकास के आसपास जोखिमों का संतुलन मोटे तौर पर समान है
- अमेरिकी टैरिफके बीच रुपये का कम मूल्य होना दुख की बात नहीं है
- महंगाई आकलन पर प्रभाव डालने के लिए सीपीआई आधार वर्ष में संशोधन
- रुपये का मूल्यांकन भारत की अर्थव्यवस्था के बुनियादी सिद्धांतों को सटीक रूप से नहीं दिखा रहा है
- मांग लचीली, निजी निवेश के इरादे में सुधार
- वैश्विक जोखिम प्रबंधन,बफ़र्स, नीति विश्वसनीयता अवश्य रखनी चाहिए
- इसी साल अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पूरी होने की उम्मीद है
- ट्रैक पर फिस्क, बजटीय ग्लाइड का जिक्र किया गया है
- वैश्विक स्थिति भारत के लिए तत्काल मैक्रोइकॉनॉमिक तनाव पैदा नहीं करती है
- वैश्विक परिस्थितियां भारत के लिए बाहरी अनिश्चितताओं में बदल जाती हैं
- आंकड़ों से पता चलता है कि हाल के सुधारों के दौर में अर्थव्यवस्था की गति मजबूत हो रही है
- विदेशी निवेशकों के भारतीय बाजार से निकासी को लेकर भी चिंता जताई गई है।

## अजीत पवार का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन


**मुम्बई, 29 जनवरी।** महाराष्ट्र की राजनीति के 'पावर ऑफ दादा' और के डिप्टी सीएम अजित पवार पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। उनके पैतृक गांव काठेवाड़ी में 'दादा अमर रहें' नारों के बीच राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बेटे पार्थ पवार ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, गोवा सीएम प्रमोद सावंत, मुख्यमंत्री देवेंद्र फढ़णवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे समेत महाराष्ट्र के सभी दिग्गज नेता मौजूद रहे। साथ ही एनसीपी कार्यकर्ता और उनके चाहने वाले हजारों लोग शामिल हुए। अजित पवार को मुखाग्नि देने से पहले उनकी अंतिम यात्रा उनके काटेवाड़ी में निकली। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। यह यात्रा करीब 6 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद विद्या प्रतिष्ठान पहुंचीं।

## बैज, भूपेश, महंत, सिंहदेव और ताम्रध्वज दिल्ली तलब

**रायपुर, 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में विधानसभा चुनाव के बाद से मचा आंतरिक घमासान अब निर्णायक मोड़ पर पहुँच गया है। संगठन में बढ़ती गुटबाजी और समन्वय की कमी को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने प्रदेश के सभी दिग्गज नेताओं को दिल्ली तलब किया है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में होने वाली इस अहम बैठक में प्रदेश के पांच सबसे बड़े चेहरों दीपक बैज, भूपेश बघेल, डॉ. चरणदास महंत, टी.एस. सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू को बुलाया गया है।

#### पैसे लेकर पद बांटने की शिकायत पहुंची दिल्ली

सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली बुलावे के पीछे सबसे बड़ी वजह मंडल और ब्लॉक स्तर पर नियुक्तियों में हुई कथित धांधली है। आलाकमान को ऐसी शिकायतें मिली हैं कि संगठन में दागी और बागियों को तवज्जो दी गई है। आरोप है कि कई जगहों पर पैसे लेकर अध्यक्ष पद बांटे गए हैं, जिससे जमीन पर काम करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता नाराज हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सोनिया और राहुल गांधी के साथ होने वाली यह बैठक छत्तीसगढ़ कांग्रेस के भविष्य की दिशा तय करेगी। यदि बड़े नेताओं के बीच सुलह नहीं हुई, तो संगठन में बड़े फेरबदल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।





## जगदलपुर जा रही बस पलटी, 32 यात्री घायल

**कांकेर, 29 जनवरी।** जिले से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां बांदे पखांजूर के रास्ते से होकर जगदलपुर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 32 यात्री घायल हुए हैं, सभी घायलों को तुरंत कांकेर मेडिकल कॉलेज लाया गया है। हादसे में 32 घायल यात्रियों में 8 यात्री गंभीर रूप से घायल है, वहीं दो की स्थिति नाजुक देखते हुए इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया है। हादसे की सूचना पाकर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई और घायलों को सुरक्षित निकालने तथा राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई है। बताया जा रहा है कि यह हादसा चालक की लापरवाही से हुआ है, मोड पर चालक ने गाड़ी धीमी नहीं किया और बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

#### मुठभेड़ में बड़े कैडर के 2 नक्सली ढेर

**बीजापुर, 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के कोर नक्सल क्षेत्र बीजापुर में आज सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई. इस कार्रवाई में दो बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. वहीं, सतर्क जवानों ने नक्सलियों द्वारा लगाए गए भारी मात्रा में आईईडी बरामद कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया है. बीजापुर के दक्षिण इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था. सुबह करीब 7:00 बजे नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई. इस मुठभेड़ में एक एसरूरैंक का नक्सली और एक पार्टी सदस्य मारा गया है. जवानों ने मौके से नक्सलियों के शव के साथ पिस्टल, 303 रायफल और अन्य नक्सली सामग्री बरामद की है. फिलहाल इलाके में रुक-रुक कर फायरिंग जारी है और सुरक्षाबल सर्चिंग अभियान चला रहे हैं. मुठभेड़ के बीच सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की एक और खतरनाक साजिश को नाकाम कर दिया. डीआरजी बीजापुर, थाना इलमिड़ी, और छसबल 9वीं वाहिनी की टीम जब लंकापल्ली क्षेत्र में सर्चिंग कर रही थी, तब सड़क के बीचों-बीच 20-30 किलोग्राम के 02 आईईडी बम बरामद हुए.

### PICTURE-स्टोरी



**रायपुर, 29 जनवरी। टाटीबंध चौक पर एक ट्रक के पलटने के बाद दोनों ओर की सड़कों पर ऐतिहासिक जाम लग गया।**

## स्कूल में बच्ची के साथ अमानवीयता

**रायपुर, 29 जनवरी।** राजधानी रायपुर के हीरापुर रोड, मोहबा बाजार स्थित एक निजी स्कूल एवं डे-केयर में मासूम बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि गणतंत्र दिवस की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में तय यूनिफॉर्म पहनकर नहीं आने वाले बच्चों को एक कमरे में बंद कर दिया गया। इतना ही नहीं, एक तीन वर्षीय बच्ची को स्टाफद्वारा जोर से धक्का देने से उसका सिर दीवार से टकरा गया, जिससे सिर में सूजन आ गई और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

पीड़ित बच्ची की मां, जो पेशे से अधिवक्ता हैं, की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने स्कूल स्टाफ के खिलाफ जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा 75 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) और 125 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले में स्कूल की आया माधुरी को बच्ची के साथ मारपीट और प्रताड़ना का आरोपी बनाया गया है, जबकि अन्य बिंदुओं पर जांच जारी है।

एफआईआर के अनुसार 23 जनवरी को बसंत पंचमी के दिन टोडलर क्लास में पढ़ने वाली तीन वर्षीय बच्ची को उसकी मां स्कूल छोड़ने गई थीं। टिफिन कराने के बाद मां ने आया से बच्ची का मुंह धुलवाने को कहा।

## हम योजना फाइल में नहीं लाइफ में पहुंचाते हैं: मोदी

**नई दिल्ली, 29 जनवरी।** इकोनॉमिक सर्वे पेश करने से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद भवन परिसर में मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की पहचान रही है- रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म। अब हम रिफॉर्म एक्सप्रेस पर चल पड़े हैं। हम हम योजना फाइल में नहीं लाइफ में पहुंचाते हैं। बता दें कि केंद्र की मोदी सरकार 1 फरवरी 2026 को देश का आम बजट पेश करेगी।थ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में आज आर्थिक सर्वे पेश करेंगी। वहीं 1 फरवरी को लगातार नौवां केंद्रीय बजट 2026 पेश करेंगी। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार की पहचान रही है, रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म। अब हम रिफॉर्म एक्सप्रेस पर चल पड़े हैं। सत्र के प्रारंभ में राष्ट्रपति ने सांसदों से जो अपेक्षाएं व्यक्त की हैं, मुझे विश्वास है कि सांसदों ने उसे गंभीरता से लिया होगा।' उन्होंने कहा कि यह सत्र बेहद महत्वपूर्ण है। 21वीं सदी का एक चौथाई हिस्सा बीत चुका है। यह दूसरे चौथाई की शुरुआत है। 2047 विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ये 25 साल बहुत अहम हैं। 'यह दूसरे क्वाटर का पहला बजट है। निर्मला सीतारमण पहली महिला वित्त मंत्री हैं, जो लगातार 9वीं बार देश के संसद में बजट प्रस्तुत करने जा रही हैं। यह गौरव का पल है.' पीएम मोदी ने भारत-श्व के बीच हुई फ्री ट्रेड डील का जिक्र करते हुए कहा कि इस वर्ष का प्रारंभ एक पॉजिटिव नोट पर हुआ। उन्होंने कहा कि भारत और ईयू का एग्रीमेंट इस बात की झलक है कि आने वाली दिशाएं कितनी उज्जवल हैं।



## युवा कांग्रेस ने छग के तीन युवा नेताओं को बनाया नेशनल मीडिया पैनलिस्ट

**रायपुर, 29 जनवरी।** भारतीय युवा कांग्रेस ने संगठन को मज़बूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए छत्तीसगढ़ से तीन युवाओं को नेशनल मीडिया पैनलिस्ट के रूप में चयनित किया है। इस सूची में अर्जुन श्रीवास्तव, अंशुल मिश्रा एवं योगेश साहू का नाम शामिल है।

#### बजट सत्र 23 फरवरी से

**रायपुर, 29 जनवरी।** विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगी, और 20 मार्च तक चलेगा। इस सत्र में कुल 15 बैठकें होंगी। इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

#### नवा रायपुर में अतिक्रमण हटाने पहुंची एनआरडीए की टीम

**रायपुर, 29 जनवरी।** नवा रायपुर के सेक्टर 27 के नवागांव से अतिक्रमण हटाया जा रहा है, जिसका स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं. अतिक्रमण हटाने के लिए एनआरडीए की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची है. केवल स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि जनप्रतिनिधि भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं.

## ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत

**पांडुका, 29 जनवरी।** अंचल के ग्राम खट्टी मोड वा इसके आसपास दिनों दिन राहगीरों के लिए बड़े दुर्घटना साबित हो रही है आए दिन इस मोड़ या इसके आसपास पर सड़क हादसे होते रहते हैं। अभी तक लगभग दो दर्जन से ज्यादा लोग यहां जान गांव बैठे हैं। ऐसा ही कुछ एक बार फिर हुआ है आज लगभग 8 बजे सुबह हुए इस सड़क दुर्घटना में एक मजदूर को अपनी जान गंवानी पड़ी है। हमेशा की तरह सुबह पोंड के ईट से भरे ट्रैक्टर निर्माण के कार्य के लिए पास के गांव जा रहे थे इस बीच ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरा जिससे ईंटों के बीच हेमाल राजेंद्र साहू (50 वर्ष) की दबाने से मौके पर मौत हो गई।


समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें


सुखल साय — प्राधिकृत अधिकारी
गोविंद राम यादव — प्रबंधक

व समस्त स्टॉफ आदिम जाती सेवा सहकारी समिती मर्यादित कोतबा


**महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि (30 जनवरी), खेलकूद पर उनके विचार** jasclaudius@gmail.com

## खेल व्यक्ति प्रसिद्धि नहीं, सामूहिक भाईचारे का प्रतीक हो

भारत को अंग्रेजों के हाथों गुलामी से छुड़ाने के लिए भारत के महान सपूत स्व. मोहनदास करमचंद गांधी की भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने भारत की जनता को ब्रिटिश शासन से मुक्ति के मार्ग दिखाए जिसमें अनेक अन्य हमारे देश के सपूतों ने साथ दिया। गांधी जी के सोच, विचार, नेतृत्व क्षमता, जीवन शैली के आधार पर उन्हें महात्मा टाइटिल प्रदान किया गया। महात्मा गांधी सादगीपूर्ण जीवन जीने के पक्षधर थे। इस दृष्टि से खेलकूद/व्यायाम को वे किताबी ज्ञान से ज्यादा महत्व देते थे। वे चाहते थे कि मनुष्य प्रतिदिन व्यायाम करे। वे पैदल चाल/कतई को सबसे अच्छा व्यायाम मानते थे। हालांकि मानसिक व शारीरिक चुस्ती के लिए महात्मा गांधी ने खेलकूद की जगह खेती को स्थान दिया और देश के बच्चे, किशोरों, युवाओं तथा बुजुर्गों को व्यायाम को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। लगभग एक शताब्दी पश्चात भी महात्मा गांधी के द्वारा व्यायाम को शारीरिक व मानसिक संतुलन बनाए रखने की जो आवश्यकता बताई गई है वह आज भारत ही नहीं विश्व के युवाओं आने वाली पीढ़ी के लिए अत्यंत लाभप्रद है। परंतु वे पश्चात्य खेलों की अपेक्षा भारत के पारंपरिक खेलों को अपनाने के पक्षधर थे। स्पष्ट है महात्मा गांधी यह जानते थे कि भारत में प्राचीन समय से खेले जाने वाले खेल न सिर्फ शरीर व मस्तिष्क के विकास के लिए बल्कि पारिवारिक, सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए उचित है। साथ ही वे प्रतिस्पर्धात्मक खेलों की बजाय खेती व पैदल चाल जैसे गतिविधि को बढ़ावा देना पसंद करते हैं। ओलंपिक खेलों में एथलेटिक्स की अब सबसे अधिक 147 पदक दांव पर लगते हैं। भारतीय युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं अगर हम महात्मा गांधी जी के विचारों के अनुसार एथलेटिक्स खेल के विभिन्न इवेंट पर ध्यान दे तो दुनिया में तहलका मचा देंगे।



महात्मा गांधी भेदभावपूर्ण तथा साम्प्रदायिक आधार पर आयोजित होने वाले खेल व उनकी स्पर्धाओं का विरोध करते थे। उनका मानना था कि ऐसा करने से समाज में मतभेद और मनभेद उत्पन्न होता है। वे कहते थे खेल एकता के लिए होना चाहिए न कि विभाजन के लिए। अंग्रेजों के खेल शब्द का उन्होंने प्रयोग किया जिससे वे चाहते थे कि भारतीय दूर रहे परंतु खेल विशेष का नाम कहीं पर उल्लेखित नहीं मिलता। इसका अर्थ है कि हमें अपने देश के परंपरागत खेलों को प्राथमिकता देनी चाहिए। पैदल चाल और रुई से धागा बनाने की क्रिया जिसे कतई कहते हैं उसको भी खेल के समान स्थान देते थे। इसीलिए कई जगहों पर महात्मा गांधी को फोटो जिसमें उन्हें हाथ से कतई के जरिए धागा बनाने वाला यंत्र तकली को चलाते हुए दिखाया है।

महात्मा गांधी के खेलकूद बारे में एक और मत था कि खेल में हार-जीत तो होगा ही परंतु यह खेल भावना के लिए होना चाहिए और खेलों के माध्यम से व्यक्तिगत प्रसिद्धि को महत्व नहीं देना चाहिए लेकिन सामूहिक भाईचारे को स्थान मिलना चाहिए।




समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
कांकेर
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

राम लला दर्शन योजना से

# साकार हुआ एक साधारण दंपती का वर्षों पुराना सपना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,29 जनवरी।** श्रद्धा, विश्वास और आस्था जब शासन की संवेदनशील पहल से जुड़ती है, तो सपने साकार हो जाते हैं। छत्तीसगढ़ शासन की श्री राम लला दर्शन योजना ने कबीरधाम जिले के एक साधारण दंपती को वह सौभाग्य प्रदान किया, जिसकी वे वर्षों से कामना कर रहे थे। ग्राम बबई निवासी श्री डोमन साहू और उनकी पत्नी श्रीमती पार्वती साहू के लिए अयोध्या धाम जाकर प्रभु श्री राम के दर्शन करना अब केवल सपना नहीं, बल्कि जीवन भर संजोने वाली एक पावन स्मृति बन गया। डोमन साहू ने बताया कि प्रभु श्री राम के दर्शन की इच्छा उनके मन में लंबे समय से थी, लेकिन आर्थिक और पारिवारिक कारणों से अयोध्या जाना संभव नहीं हो पा रहा था। जब उन्हें श्री राम लला दर्शन योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने जनपद कार्यालय में स्वयं और अपनी पत्नी के लिए आवेदन किया। चयन की सूचना मिलते ही पूरे परिवार में खुशी का माहौल बन गया। इस बार कबीरधाम जिले से कुल 71 श्रद्धालु इस पावन यात्रा पर रवाना हुए, जिनमें वे दोनों भी शामिल थे। यात्रा के अनुभव साझा करते हुए दंपती ने बताया कि शासन द्वारा यात्रा की शुरुआत से लेकर वापसी तक हर छोटी-बड़ी सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। श्रीमती पार्वती साहू ने बताया कि सबसे पहले काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए गए। बनारस में रात्रि विश्राम के बाद विशेष ट्रेन से अयोध्या धाम पहुंचे। वहां प्रभु श्री राम के दर्शन कर मन को अपार शांति और आत्मिक संतोष की अनुभूति हुई। दर्शन स्थलों तक आने-जाने के लिए निःशुल्क ऑटो सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे पूरी यात्रा सहज, सुरक्षित और यादगार बन गई।

### जल प्रदाय आंशिक रूप से प्रभावित

**भिलाई, 29 जनवरी।** सुपेला पाइप लाइन में संधारण कार्य किए जाने के कारण पूरे दिन 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट बंद रहा। इसके चलते सुबह चंद्रा-मौर्या, मदर टेरेसा नगर, हाउसिंग बोर्ड, वैशाली नगर, छावनी, गौतम नगर, खुर्सीपार क्षेत्रों में आंशिक रूप से जल प्रदाय प्रभावित रहा। संबंधित विभाग द्वारा बताया गया है कि संधारण कार्य पूर्ण होने के पश्चात शाम तक सभी जलागारों में नियमित जल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## एक नजर

### चौकी प्रभारी संधु रक्षित केंद्र भेजे गए



**भिलाई, 29 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरविंदर सिंह संधु को दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने चौकी से हटाकर रक्षित केंद्र भेज दिया है यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने उनके आचरण की जांच कराने के निर्देश पुलिस को दिए थे पहला मामला हथकड़ी लगाकर सड़क पर जुलूस पहले मामले में ट्रांसपोर्टर सुजीत साव समेत चार लोगों ने बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी आरोप था कि महिला से छेड़छाड़ के प्रकरण में गिरफ्तारी के बाद चौकी में मारपीट की गई और जेल भेजने से पहले हथकड़ी लगाकर सड़कों पर जुलूस निकाला गया कोर्ट ने इसे गलत कार्रवाई मानते हुए एसआई के आचरण की जांच के निर्देश दिए थे दूसरा मामला मां के सामने पिटाई और बिना स्न्द्धक्रजेल दूसरे मामले में भिलाई स्थित एक होटल व्यवसायी को जांच के नाम पर होटल से उठाकर उसकी मां के सामने पीटा गया। आरोप है कि बिना एफआईआर दर्ज किए सरकारी कार्य में बाधा का मामला बनाकर उसे जेल भेज दिया गया। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने इसे गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन मानते हुए राज्य सरकार को एक लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया लाइन अटैच कर बदली गई चौकी की जिम्मेदारी इन दोनों मामलों में हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने आदेश जारी कर स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरविंदर सिंह संधु को लाइन अटैच कर दिया है उनकी जगह भट्टी टीआई राजेश कुमार साहू को स्मृति नगर चौकी का प्रभार सौंपा गया है वहीं निरीक्षक प्रकाश कांत को भिलाई भट्टी थाना प्रभारी बनाया गया है।

### पुलिस टीम ने कई मोहल्लों की जांच की



**भिलाई, 29 जनवरी (तछसं.)।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं रोकथाम के उद्देश्य से सघन कॉम्बिंग गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया गया अभियान में संदिग्ध स्थानों, व्यक्तियों की जांच के लिए अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन कर थाना खुर्सीपार के देवार मोहल्ला, भिलाई भट्ठी उड़िया मोहल्ला, सेक्टर 4 भिलाई में व्यापक जांच की गई चाकू, हथियार, अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं रखने वाले गुंडा-बदमाशों असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने वैधानिक कार्रवाई की गई मादक पदार्थ रखने और विक्रय करने वालों अवैध प्रवासियों की पहचान, सत्यापन के लिए दस्तावेजों की जांच, सशक्त ऐप के माध्यम से 120 से अधिक वाहनों की चेकिंग, 105 से अधिक संदिग्ध मकानों की तलाशी, 32 से अधिक मुसाफिरों संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट लेकर पहचान सत्यापन किया गया जहां से लगभग 02 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ आरोपी देवार पारा खुर्सीपार निवासी चंद्रपाल देवार को पकड़ा गया। अवैध शराब मामले में पुलिस ने देवार बस्ती खुर्सीपार अमीरो बाघ के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### चाकू लहराने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 29 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के चन्द्रा-मौर्या अंडरब्रिज के पास धारदार लोहे का चाकू लेकर लहराने वाले एक युवक को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू जब्त किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि थाना सुपेला को मुखबीर से सूचना मिली कि चन्द्रा मौर्या अण्डरब्रिज के पास सार्वजनिक स्थान में एक युवक पर अपने हाथ में एक बड़ा धारदार चाकू रखा है जिसे लोगों को दिखा कर लहरा कर डरा धमकाकर डरा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर प्रमोद टण्डन (23 साल ) निवासी शास्त्री नगर को घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी के खिलाफ सुपेला थाने पुलिस ने धारा 25,27 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया है।

# आयुक्त ने सड़कों को चौड़ी करने और सुंदर बनाने पर दिया जोर



**भिलाई, 29 जनवरी।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पावर हाउस सब्जी मार्केट, निर्माणाधीन डोम शेड तथा यातायात सुगमता के लिए प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के समय जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने पावर हाउस सब्जी मार्केट में साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर इसे और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस ग्राउंड लाल मैदान में निर्माणाधीन डोम शेड स्थल का अवलोकन कर कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पावर हाउस चौक पर अस्थायी दुकानों और गुमटियों के कारण बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए संबंधित संचालकों को तत्काल अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी गई। डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समीप नेशनल हाईवे से सटी सड़क के संकरे होने के कारण यातायात को सुगम बनाने हेतु डिवाइडर को लगभग 1 मीटर पीछे करने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही अंबेडकर प्रतिमा के पीछे स्थित रिक्त स्थल पर ट्रिपल आर सेंटर के निर्माण की योजना बनाई गई है, जिससे पुरानी सामग्रियों का पुनः उपयोग कर शहर को पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके। पावर हाउस चौक के सौंदर्यीकरण के लिए कबाड़ से जुगाड़ मॉडल को अपनाने पर भी जोर दिया गया, ताकि कम लागत में चौक को आकर्षक स्वरूप दिया जा सके। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव सहित अन्य निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वैशालीनगर कॉलेज के स्वयंसेवकों की एनएसएस शिविर में रही विशेष भागीदारी



**भिलाई, 29 जनवरी।** बलौदाबाजार में आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन हुआ, जिसमें प्रदेश के 9 विश्वविद्यालयों से आए 250 से अधिक एनएसएस स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। इस शिविर में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की ओर से 20 स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर के एनएसएस स्वयंसेवक कामरान अली ने ई-पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा रील मेकिंग प्रतियोगिता में भी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। वहीं महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविका डीकेश्वरी साहू ने रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक संध्या एवं सांस्कृतिक रैली में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वयंसेवकों को छत्तीसगढ़ शासन के माननीय उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे विश्वविद्यालय एवं एनएसएस इकाई का गौरव बढ़ा। इस शिविर में महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार ठाकुर का भी विशेष सहयोग रहा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती अलका मेश्राम, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कार्यक्रम समन्वयक जैनेंद्र दीवान तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चांदनी मरकाम ने स्वयंसेवकों को बधाई दीं।

### आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों को पीएम आवास का मिलेगा लाभ

**भिलाई, 29 जनवरी।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 31 अगस्त 2024 के पूर्व आबादी भूमि पर काबिज पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बीएलसी (बेनिफिशियरी लेड कंस्ट्रक्शन) घटक के अंतर्गत सम्मिलित किया जाएगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा आबादी भूमि के सर्वेक्षण हेतु अधिकारी एवं कर्मचारियों का सर्वेक्षण दल गठित किया गया है। जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत खम्हरिया, विनोबा नगर जुनवानी, पुरानी बस्ती कोहका एवं सुपेला क्षेत्र के सर्वेक्षण कार्य हेतु उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, रीमा जामुलकर, बसंत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी तथा वरिष्ठ कर्मचारी संजीव तिवारी, भाईजी बघेल, निरंजन असाटी, विनोद शुक्ला को दायित्व सौंपा गया है। जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत कुरूद बस्ती क्षेत्र के सर्वेक्षण कार्य हेतु उप अभियंता चंदन निर्मल, सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न कुमार तिवारी, वरिष्ठ कर्मचारी मदन मोहन तिवारी एवं सुरेश कुलदीप की ड्यूटी लगाई गई है।

# व्याख्यान में डॉ.दास ने नासा-इसरो के निसार उपग्रह मिशन की जानकारी दी



**भिलाई, 29 जनवरी।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) स्थानीय केंद्र द्वारा नासा-इसरो के संयुक्त प्रतिष्ठित निसार उपग्रह मिशन पर विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन इंजीनियर्स भवन सिविक सेंटर में किया गया। मुख्य अतिथि सुब्रत मुखोपाध्याय, पूर्व कार्यपालक निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र थे, जबकि मुख्य वक्ता डॉ. नरेंद्र नारायण दास, एसोसिएट प्रोफेसर, मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी एवं नासा निसार मिशन के विज्ञान दल के सदस्य रहे। डॉ. दास ने अपने व्याख्यान में जल-ऊर्जा-खाद्य के अंतर्संबंधों के अध्ययन में निसार उपग्रह की भूमिका पर अत्यंत रोचक और सरल प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि निसार उपग्रह विद्युत-चुंबकीय तरंग आधारित सेंसरों के माध्यम से मृदा के परावैद्युत गुणों का आकलन कर मृदा नमी मापता है। निसार की परिक्रमण गति लगभग 7 किलोमीटर प्रति सेकंड है और यह 10 मीटर रिज़ॉल्यूशन के साथ प्रत्येक 6 दिन में डेटा उपलब्ध कराता है, जिससे किसानों को सिंचाई योजना और मृदा सुधार में सहायता मिल सकती है। मुख्य अतिथि सुब्रत मुखोपाध्याय ने वार्ता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान बीएसपी की कैप्टिव खानों में स्थलाकृति आकलन एवं खनिज अन्वेषण के लिए निसार डेटा के संभावित उपयोग पर विचार किया था। शुरुआत में आईईआई स्थानीय केंद्र की मानद सचिव डॉ. सुप्रिया त्रिपाठी ने स्वागत भाषण दिया। अध्यक्ष सुश्री बोन्या मुखर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि इस वार्ता का उद्देश्य छात्रों और इंजीनियरों को नासा-इसरो के इस महत्वपूर्ण संयुक्त मिशन से परिचित कराना है। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष पी. के. तिवारी, पुनीत चौबे, बी. पी. यादव, अरविंद रस्तोगी, बसंत साहू एवं डॉ. नागेंद्र त्रिपाठी सहित बीएसपी, सीईटी, एनएसपीसीएल के अधिकारी, संकाय सदस्य तथा बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग छात्र उपस्थित थे। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. शीना शेखर एवं संचालन सुश्री सिद्धि चौबे द्वारा किया गया।

# युवकों ने मैनेजर समेत चार लोगों पर किया हमला

**भिलाई, 29 जनवरी।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र के गुंडागर्दी करने का मामला सामने आया है 4 से 5 लोगों ने पेप्सी कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर समेत चार लोगों को लाठी-डंडे और ईट के साथ हमला किया इतना ही नहीं हमलावरों ने खड़ी बोलेरो पिकअप का शीशा तोड़ा और बुलेट व बाइक की वाइजर तोड़ दी साथ ही गोदाम के बाहर लगा बिजली मीटर भी तोड़ दिया गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2),296, 3(5),324(4), 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि शास्त्री चौक केम्प-1 निवासी रवि रंजन (42 साल ) पेप्सी कंपनी में एरिया सेल्स मैनेजर के पद पर है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 जनवरी को पेप्सी कंपनी में भिलाई डिस्ट्रीब्यूटर अंकित यादव के गोदाम सुंदरनगर बाबादीप सिह नगर में बैठा था प्रार्थी के साथ दीपक शर्मा, अभिलाष पुरोहित, अमित गुप्ता, शिव कुमार साहू भी बैठे थे और कंपनी के काम के बारे मे चर्चा कर रहे थे उसी परिसर मे सेलिब्रेशन प्वाइंट रिसार्ट स्थित है रात लगभग 9.15 बजे के आसपास पार्टी में शामिल कुछ युवक आपस में झगड़ा और गाली-गलौज करने लगे स्थिति बिगड़ती देख रवि रंजन और उनके साथियों ने गोदाम परिसर की बाहरी लाइट बंद कर दी लाइट बंद होते ही पार्टी कर रहे युवक भड़क गए और गाली-गलौज शुरू कर दी कुछ देर बाद वे युवक दोबारा लौटे इनमें से दो को मोनू और अभिषेक के नाम से पुकारा जा रहा था उनके साथ अन्य साथी भी थे। आरोप है कि सभी ने जान से मारने की धमकी देते हुए डंडा और चाकू लेकर हमला कर दिया हमलावरों ने पास पड़े पत्थरों से भी हमला किया जान बचाने के लिए सभी लोग गोदाम के बगल स्थित ऑफिस में भागकर घुस गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया, लेकिन आरोपियों ने दरवाजा तोड़ने की भी कोशिश की।

### यूजीसी कानून के विरोध में राष्ट्रपति के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन

**भिलाई, 29 जनवरी।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा केंद्र सरकार के प्रस्तावित यूजीसी कानून के विरोध में 30 जनवरी को राष्ट्रपति के नाम जिलाधीश दुर्ग को ज्ञापन सौंपा जाएगा। समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने बताया कि यह ज्ञापन शिक्षण व्यवस्था में प्रस्तावित बदलावों के विरोध में सौंपा जा रहा है, जिसे समाज हित में अनुचित बताया गया है। उन्होंने सवर्ण समाज से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# रावघाट क्रिकेट प्रतियोगिता में कोलर टीम ने किया खिताब अपने नाम




**भिलाई, 29 जनवरी।** सेल रावघाट प्रीमियर लीग का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का शुभारम्भ 20 जनवरी को उप महाप्रबंधक डी. एन. रस्तोगी एवं सहायक महाप्रबंधक सचिन रंगारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक योगेश वर्मा एवं वागेश तिवारी की भी विशेष उपस्थिति रही। अंतिम मुकाबले में कोलर टीम ने विजेता का स्थान अर्जित किया। विजेता कोलर टीम, उपविजेता पालकी टीम तथा तृतीय स्थान प्राप्त बैहासाल्हेभाट टीम को क्रमशः 51 हजार, 31 हजार एवं 21 हजार रूपये की पुरस्कार राशि सहित ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज सहित अन्य व्यक्तिगत पुरस्कारों के माध्यम से खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज को 5 हजार एवं ट्रॉफी, मैन ऑफ द मैच को 3 हजार एवं ट्रॉफी, बेस्ट बैट्समैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर ऑफ द सीरीज तथा बेस्ट ऑल-राउंडर ऑफ द सीरीज को क्रमशः 3 हजार रूपये की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में रामसनेही यदु, मोरध्वज सिंह एवं अजय कुमार यदु ने अपना सहयोग प्रदान किया। खिलाड़ियों की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु दंडक वन रावघाट स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. ओमप्रकाश टंडन एवं उनकी पैरामेडिकल टीम ने अपनी चिकित्सकीय सेवाएं दीं। आयोजन में श्रीमती दंतेश्वरी वट्टी, राकेश कावडे (जनपद सदस्य), स्थानीय गायता प्रमुखों मेहतूराम दर्रो, लखमू नूरेटी, मनसू राम उसेंडी), क्षेत्र के सरपंचों तथा श्रमिक समितियों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## समाचार संक्षेप

### 1.72 करोड़ 72 की लागत से मेन रोड से रौचन मार्ग निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



**कवर्धा,29 जनवरी (तछसं.)।** जिले के ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 1 करोड़ 72 लाख 71 हजार की लागत से मेन रोड से रौचन तक 4.67 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का आज विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह स्वीकृति उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से प्राप्त हुई है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, बीजेपी नेता नितेश अग्रवाल तथा बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने झंडा फहराया



**कवर्धा,29 जनवरी (तछसं.)।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन में नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने ध्वजारोहण किया। जय स्तंभ चौक में नव निर्मित शहीदों की प्रतिमा पर नगर पालिका परिवार ने माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया । इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त पार्षदगण, अधिकारी, कर्मचारी, स्वच्छता दीदी व वरिष्ठ नागरिक अधिक संख्या में उपस्थित थे।

### यातायात परिवहन विभाग में शान से लहराया तिरंगा



**कवर्धा,29 जनवरी (तछसं.)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर यातायात परिवहन अधिकारी मोहन लाल साहू ने फहराया तिरंगा ध्वज और ध्वजारोहण कार्यक्रम में सुमित कुमार सोनी , राजेश देवांगन , महादेव चंद्राकर , अन्नू श्रीवास्तव, धर्मेंद्र जायसवाल, शैलजा श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ ने एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया ।

### ब्लास्ट फर्नेस में वैकल्पिक डिस्पोजल मार्ग का हुआ उद्घाटन



**भिलाई, 29 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के केंद्रीय यांत्रिकी संगठन द्वारा निर्मित ब्लास्ट फर्नेस में वैकल्पिक स्लैग डिस्पोसल मार्ग का उद्घाटन 28 जनवरी को कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार द्वारा किया गया। योजना की परिकल्पना एवं रूपरेखा मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार, मुख्य महाप्रबंधक इन्द्रजीत सेनगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक एच के सचदेव, मुख्य महाप्रबंधक पी. सुब्बाराव सहित केंद्रीय यांत्रिकी संगठन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


### प्रियदर्शिनी परिसर में फहराया तिरंगा



**भिलाई, 29 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व विकास समिति के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर परिसर के मुख्य रूप से गणेश ताम्रकार, अजीत सिंह, शैलेन्द्र गुप्ता, सुनील कामड़े, मुकेश जैन, वसंत गुप्ता, बी बी यादव, एस के यादव, विनोद शैल, एन के चौहान, तृप्ति कौशिक एवं छत्तीसगढ़ आर्मी फाउंडेशन के सैनिक हरप्रीत सिंह अध्यक्ष, एन के पांडेय उपाध्यक्ष, नमिता हांडा कोषाध्यक्ष, के पी यादव लेफ्टिनेंट, गिरजेश सिंह संरक्षक, हनुनाग, संतोष चंद्राकर, रविकांत, आर के सोनी, पंकज कुमार, मनीष शर्मा, रजनीश सिंह, दीपक ठाकुर, बेनी प्रसाद एवं काफी संख्या में परिसर के निवासी गण उपस्थित थे।

एक नजर

## सतनामी समाज के अध्यक्ष एवं राजमहंत जगमोहन मार्कण्डेय ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया



**सिमगा 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ब्लॉक कांग्रेस के सिमगा कार्यालय में भारत के 77 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सतनामी समाज के अध्यक्ष एवं राजमहंत जगमोहन मार्कण्डेय द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का दिन देश के गौरव और सम्मान का दिन है, आज के ही दिन संविधान लागू हुआ ,उन्होंने उपस्थि सभी गणमान्य नागरिक को बधाई दी। इस शुभ अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील महेश्वरी जी, नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भागवत सोनकर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष चंदू साहू,पार्षद मो.याकूब, पार्षद परदेशी सोनकर,मो. अय्यूब, हिरेंद्र कोसले, मो युनुस, नूर अली, सुनीता यादव, पिंटू सोनकर, सोनू भोसले, पूर्व पार्षद राहुल शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, पूर्व पार्षद लखन देवांगन, ललित देवांगन, पूर्व पार्षद संजय कोसले,विक्की पाण्डे , यश शर्मा , शेष साहू,ढेलू साहू,अंकुश भाटिया, दशरथ चंद्राकर, मानहारण सोनकर, लल्लू पाटकर गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम सेल निवासी प्रभाबाई साहू पति शिवनारायण की आग में जलने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पति शिवनारायण पिता खोलबाहरा साहू को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

## जिले में 10 से 25 फ़रवरी तक चलेगा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

**बलौदाबाजार,29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर दीपक सोनी ने की।कलेक्टर श्री सोनी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।जिले में 10 फ़रवरी से 25 फ़रवरी 2026 तक राष्ट्रीय फाइलेरिया उम्मुलन कार्यक्रम संचालित होगा। कलेक्टर ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सभी विभागों के सामूहिक प्रयास से ही जिले को इस बीमारी से मुक्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीनी स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि शत-प्रतिशत दवा सेवन सुनिश्चित हो सके। बैठक में सभी विभाग अपने जिला एवं विकासखंड अधिकारियों को सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम की तिथि एवं गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा पत्र के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों के साथ प्रेषित करने जिला एवं विकासखंड के अधिकारी स्वयं दवा का सेवन करें तथा अपने परिवार के सदस्यों एवं पड़ोसियों को भी दवा सेवन के लिए प्रेरित करने कहा गया।दवा खाने से इनकार करने वाले परिवारों को समझाने में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सहयोग प्रदान करने तथा दवा खाली पेट न खिलाने के निर्देश दिये गए।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एनीमिया विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 जनवरी ।** जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र हब द्वारा गायत्री मंदिर भवन में स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत 16 दिवसीय एनीमिया विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली, उप पुलिस अधीक्षक अपूर्वा गुप्ता के उपस्थित थे।

कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन, लैंगिक समानता, लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई पर ध्यान देना, सही पोषण के लिए संतुलित आहार, फोलिक एसिड टैबलेट, आयरन, कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थ पर विशेष चर्चा हुई, एनीमिया के कारण, लक्षण, बचाव तथा मासिक धर्म स्वच्छता के विषय में



जानकारी दी गई एवं सखी वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, भारतीय न्याय संहिता एवं बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित सभी कानूनों जैसे-घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, एवं महिला हेल्प लाईन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 के बारे में महिलाओं को जानकारी दी गई। विद्यार्थियों का एनीमिया जांच एवं सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया गया विद्यार्थियों के बीच कुर्सी दौड़ बैलून फूलाव, सुई धागा, प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार वितरण किया गया।

## मारपीट के मामले में हिरमी शराब दुकान के 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 29 जनवरी।** विवेकानंद वर्मा निवासी ग्राम तुलसी मानपुर जिला रायपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 13.12.2025 के रात्रि लगभग 08 :30 बजे हिरमी शराब भट्टी के कर्मचारियों द्वारा प्रार्थी के रिश्तेदार के साथ मारपीट किया गया था, जिसके संबंध में प्रार्थी हिरमी शराब दुकान के कर्मचारियों से पूछपरख करने गया। तब आरोपियों द्वारा एक राय होकर, अश्लील गाली गलौच कर, जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी को दुकान अंदर ले जाकर, दरवाजा बंद कर हांथ, मुक्का, लाठी डंडा एवं राड से गंभीर रूप से मारपीट करते हुए प्राण घातक चोंट पहुंचाया गया, जिससे प्रार्थी को गंभीर चोंटे आई, जिस पर उसे इलाज हेतु रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर में भर्ती कराया गया।

### मुख्यमंत्री ने की फिल्म-'गोदान' को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने की घोषणा

# गौमाता के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार है प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर,29 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गौमाता पर बनी पहली फिल्म-'गोदान' का ट्रेलर लॉन्च किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गौमाता के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। गौमाता ना सिर्फ आध्यात्मिक रूप से पूजनीय हैं बल्कि गाय का आर्थिक और वैज्ञानिक दृष्टि से भी बहुत महत्व है। मुख्यमंत्री श्री साय ने फिल्म-'गोदान' को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री किए जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने फिल्म-'गोदान' के ट्रेलर लॉन्च के अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में गौ संवर्धन के लिए बहुत कार्य हो रहा है। गौशाला में गायों के चारा के लिए दी जाने वाली अनुदान राशि को 20 रुपए से बढ़ाकर 35 रुपए किया गया है साथ ही गौशाला को अब 25 लाख रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गोधाम भी बनाए जा




रहे हैं जहां घुमंतू गौवंश की उचित देखभाल की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मान्यता है कि गौमाता में 33 कोटि देवी- देवताओं का वास रहता है। हर अनुष्ठान से पहले पंचगव्य का उपयोग किया जाता है। ये बहुत खुशी की बात है कि गौमाता पर केंद्रित पहली फिल्म-'गोदान' का आज ट्रेलर लॉन्च किया जा रहा है। इस फिल्म के माध्यम से सभी को गौमाता के महत्व को और बेहतर तरीके से समझने का अवसर मिलेगा। मैं इस फिल्म से जुड़े सभी लोगों को बहुत बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमें गौमाता के महत्व के प्रति जन-जन को जागरूक करना है। गाय के गोबर से बनी जैविक खाद ही ऑर्गेनिक खेती का आधार है। दो घंटे 9 मिनट की इस फिल्म के माध्यम से गौ संवर्धन का संदेश दर्शकों तक पहुंचेगा। फिल्म का माध्यम एक बहुत सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा एक बड़े दर्शक वर्ग तक सकारात्मक संदेश को पहुंचाया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने फिल्म के पोस्टर तथा गीत ' गौमाता के प्राणों को बचा लो देशवासियों' का भी लॉन्च किया। उन्होंने पंचगव्य उत्पाद के गिफ्ट पैक का भी विमोचन किया। गौमाता की महत्ता को अभिव्यक्त करने वाली कामधेनु फिल्म प्रोडक्शंस की फिल्म गोदान 6 फरवरी को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इस अवसर पर श्री अजीत महापात्र, श्री शांतनु शुक्ला, फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक श्री विनोद चौधरी, डॉ आईपी सिंह, श्री सुबोध राठी सहित अन्य गणमान्यजन और मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पीएमश्री सर्वेश्वर दास स्कूल में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने फहराया तिरंगा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 29 जनवरी।** आज विद्यालय में 77 वा गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को तिरंगे के रंगों से सजाया गया था। समारोह का शुभारंभ सुबह 7: 30बजे बजे मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह पूर्व सांसद द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके बाद राष्ट्रगान गाया गया और कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमडीसी के अध्यक्ष श्री कमलेश सूर्यवंशी जी ने की कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रशांत गुप्ता दक्षिण मंडल अध्यक्षउपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी का राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और विकास के प्रति समर्पण हमारे लोकतंत्र को सशक्त एवं मजबूत बनाता है।

आइए, अपने अमर सेनानियों को स्मरण करने के साथ, संविधान के आदर्शों से प्रेरित होकर एक 'सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण हेतु संकल्पित हों। तथा विशिष्ट अतिथियो ने तिरंगे को सलामी दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी कक्षा के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और लघु नाटक प्रस्तुत किए, जो वीर शहीदों और भारत की विविधता को दर्शाते थे। कुछ विद्यार्थियों ने अपने प्रेरक भाषण में संग्राम के बलिदानों को याद किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ अमित घोष ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने वीरों के बलिदान को याद रखना चाहिए और एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में, विद्यार्थियों में मिठाइयाँ बांटी गई और पूरे विद्यालय परिवार ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम बड़ी संख्यामें शिक्षक , पालक व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## आयुष विभाग कर रहा पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,29जनवरी।** आयुष विभाग द्वारा 5 दिवसीय चिन्हाकिंत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में योग शिविर का आयोजन 27 से 31 जनवरी 2026 तक प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित की जा रही है ।

शिविर शासकीय आयुर्वेद औषधालय खम्हरिया द्वारा ग्राम चिचोली एवं गातापार, सिरियाडीह द्वारा ग्राम सेमरिया एवं अमलीडीह, डमरू द्वारा ग्राम खरचा एवं नयापारा, मोहरा द्वारा ग्राम बरडीह एवं हिरमी, दामाखेड़ा द्वारा ग्राम किरवई एवं धोबनी, रावन द्वारा ग्राम रवेली एवं झीपन, दतरेंगी द्वारा ग्राम सेमरिया एवं ओड़ान, देवसुन्द्रा द्वारा ग्राम खपरी एवं गाड़ाभाठा, कसडोल द्वारा ग्राम कोसमसरा एवं सेमरिया, .रिकोकला द्वारा रिकोकला एवं रिकोखुर्द, परसाडीह द्वारा ग्राम कैथा एवं मड़कड़ी, टुण्डरा द्वारा ग्राम खपराडीह एवं नरधा, निपनिया के द्वारा ग्राम सेम्हराडीह एवं निपनिया, सलिहा के द्वारा प्रतापगढ़ एवं डीपाडीह में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। योग शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते है।



## युवा अपनी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगा कर नई बुलंदी दें: उच्च शिक्षा मंत्री वर्मा



**बलौदाबाजार,29 जनवरी।** दाऊ कल्याण शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में मंगलवार को राज्य स्तरीय 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। 7 दिवसीय र शिविर में 9 विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय के 270 स्वयं सेवक शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि 7 दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में बहुत कुछ सीखने को मिला होगा जो आने वाले समय में काफ़ी उपयोगी होगा। युवाओ में ऊर्जा भरपूर होती है, इस ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर राष्ट्र को नई बुलंदी पर ले जा सकते है। इस आयु में संयम, अनुशासन और मर्यादा पालन के गुण विकसित करें। उन्होंने कहा कि संगत का जीवन में विशेष महत्व है। संगत का प्रभाव हर व्यक्ति को प्रभावित करत है, इसलिए अच्छा संगत करें और बेहतर नागरिक बने। स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलें। हमारी सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विशेष पहल कर रही ताकि युवाओं को प्रदेश में ही उच्च गुणवत्ता के संस्थान उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जीतेन्द्र महले सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## एसबीआई फाउंडेशन से वित्तपोषित शिखर युवा मंच एवं एसबीआई संजीवनी टीम ने शासकीय विद्यालय कोठीटोला में चलाया स्वच्छ भारत अभियान





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 29 जनवरी।** विकासखंड के ग्राम कोठीटोला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दिनांक 27 जनवरी 2026 को एसबीआई फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित, शिखर युवा मंच एवं एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना रहा। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ सदस्य एवं लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अभियान की शुरुआत एसबीआई संजीवनी टीम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों, स्वच्छता के महत्व तथा स्वस्थ जीवनशैली पर इसके सकारात्मक प्रभाव की जानकारी देकर की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय को डस्टबिन, फिनाइल, हैंडवॉश, झाड़ू, ब्लीचिंग पाउडर एवं सेनेटरी पैड वितरित किए गए। इसके पश्चात सभी शिक्षक, स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय परिसर की सामूहिक सफाई की। टीम द्वारा विद्यार्थियों को सही हाथ धोने की तकनीक का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। सभी उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ ही बालिका विद्यार्थियों को मासिक धर्म स्वच्छता एवं प्रबंधन, सेनेटरी पैड के सही उपयोग एवं सुरक्षित निपटान की जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा एसबीआई फाउंडेशन शिखर युवा मंच एवं एसबीआई संजीवनी टीम के प्रयासों की सराहना की गई तथा भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का आग्रह किया गया। इस अभियान से विद्यालय में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच एवं अनुशासित व्यवहार को बढ़ावा मिला।

### बारनवापारा में घास प्रजाति पहचान एवं चारागाह विकास पर कार्यशाला में

# क्षेत्रीय प्रशिक्षण के माध्यम से चारागाह क्षेत्रों में दिया गया व्यावहारिक मार्गदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,29 जनवरी।** बारनवापारा में घास प्रजाति की पहचान तथा चारागाह विकास कार्य के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में चारागाह क्षेत्रों के वैज्ञानिक विकास, स्थानीय घास प्रजातियों की पहचान तथा प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों एवं फील्ड स्टाफको प्रशिक्षण प्रदान किया।

कार्यशाला में विशेषज्ञ डॉ. जी. मूरतकर एवं डॉ. अरिहंत प्रधान द्वारा चारागाह विकास की आवश्यकता, उपयोगिता एवं कार्यनीति पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि चारागाह क्षेत्रों का सुदृढ़ विकास वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक आहार उपलब्ध कराने, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने तथा क्षेत्रीय जैव विविधता को संरक्षण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के बीज संग्रहण एवं प्रबंधन के तरीकों पर भी जानकारी प्रदान की गई, जिससे चारागाह विकास कार्यों को अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा सके।



प्रशिक्षण के क्षेत्रीय भाग के अंतर्गत विस्थापित ग्राम नवापारा एवं चारागाह क्षेत्रों में जाकर स्थानीय घासों की पहचान कराई गई तथा चारागाह विकास के आवश्यक बिंदुओं पर व्यावहारिक चर्चा की गई। इस दौरान प्रतिभागियों को यह भी समझाया गया कि क्षेत्र में उपलब्ध घास प्रजातियों का सही आकलन कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में किस प्रकार कार्य किया जा सकता है। इस कार्यशाला में भोरमदेव बायोस्फीयर रिज़र्व एवं बालोदबाजार वनमण्डल के कोठारी एवं देवपुर परिक्षेत्रों से वनकर्मी शामिल हुए। कार्यशाला अधीक्षक बारनवापारा अभयारण्य कृषानू चन्द्राकार, वन परिक्षेत्र अधिकारी जीवन लाल साहू,संतोष कुमार पैकरा, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल सुश्री कविता ठाकुर, सुश्री दीक्षा पाण्डेय, राहुल उपाध्याय सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं वनकर्मी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# किसको फायदा होगा किसको नुकसान

देश में बहुत सारे राजनीतिक दल है, स्वाभाविक है कि वह जहां भी राजनीतिक फायदा दिखेगा वह राजनीति जरूर करेंगे।राजनीति का काम ही समाज को टुकड़ों में बांटते जाना है। समाज के छोटे-छोटे टुकड़े कर देना है। उसको जाति में बांट कर रखना है, उसको अगड़ा-पिछड़ा में बांट कर रखना है।सवर्ण और दलित में बांटना कर रखना है।वहीं देश में बहुत सारे धार्मिक लोग है, साधु संत हैं,वह समाज को जोड़ने का काम करते रहते हैं।वह कहते हैं कि तुम सब जाति में मत बंटों, तुम सब हिंदू हो, तुम सब सनातनी हो।यह दोनों काम देश मे चलता रहता है,एक तरफ देश व समाज को जोड़ने का काम चलता रहता है तो एक तरफ मौका मिलते ही समाज को तोड़ने का काम शुरू हो जाता है। यूजीसी के कुछ नए नियम इन दिनों चर्चा में हैं, उसे लेकर जो कुछ कहा जा रहा है, उससे तो ऐसा लगता है कि अगड़ों व सवर्णों को फिर एक बार भड़काने की कोशिश हो रही है।

कई सालों बाद अगड़ों को सामान्य वर्ग के लोगों को यूजीसी के कुछ नए नियमों को लेकर भड़काने की कोशिश की जा रही है। उनमें गुस्सा पैदा करने की कोशिश की जा रही है।ठीक वैसा ही गुस्सा जैसा एक समय मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करते समय पैदा हुआ था।इसके तहत ओबीसी को सरकारी नौकरी में 27 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था थी।इसके विरोध देश भर में हिंसक विरोध हुआ था। सामान्य वर्ग के युवाओं ने विरोध में आत्मदाह भी किया था। इन दिनों यूजीसी की देश भर की यूनिवर्सिटी व कालेजों में होने वाले जातिगत भेदभाव को दूर करने के लिए नए नियम बनाए हैं। इस नये नियम के अनुसार जातिगत भेदभाव के मामले में एक कमेटी बनाई जाएगी जो एससी,एसटी ओबीसी छात्रों की शिकायते सुनेगी।तय समय में उसका समाधान करेंगी।कमेटी में एससी,एसटी,ओबीसी,दिव्यांग और महिलाओं का होना अनिवार्य है।कमेटी का काम कैंपस में बराबरी का माहौल बनाना है और ओबीसी के लिए योजनाएं लागू करना है।

यूजीसी का यह नियम बनाया इसलिए गया है कि जातिगत भेदभाव की समस्या का समाधान हो सके। कुछ लोग इस समस्या के समाधान की कोशिश को ही यह कहकर समस्या बनाने का प्रयास कर रहे हैं, सामान्य वर्ग के लोगों को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं कि यह नियम सवर्णों व सामान्य वर्ग के लोगों के खिलाफहै।कहा जा रहा है कि नियमों में सिर्फ एससी,एसटी व ओबीसी के खिलाफ भेदभाव की बात कही गई है। जनरल लोगों के खिलाफ भेदभाव को भेदभाव ही नहीं माना जाएगा,सामान्य वर्ग के लोगों को डराया जा रहा है कि इन नियमों का फायदा उठाकर कोई भी छात्र सामान्य छात्र को फंसा सकता है, उसकी शिक्षा में बाधा पैदा कर सकता है। अभी ऐसा कुछ हुआ नहीं है लेकिन अभी से नियमों का विरोध शुरू हो गया है।जब होगा तब इस बात को जोरशोर से उठाया जाता तो यूजीसी इस समस्या के समाधान का भी कोई रास्ता निकालता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस मामले में साफ तौर पर कहा है कि यूजीसी के नए नियमों से किसी को भी किसी प्रकार की उत्पीड़न का सामना नहीं करना पड़ेगा,किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा।इसके बाद भी खासकर यूपी में यूजीसी के नए नियमों का सबसे ज्यादा विरोध किया जा रहा है या कहा जा सकता है कि राजनीति शुरू कर दी गई है। इस मामले को तूल देने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने पद से इस्तीफा दे दिया है।यह सामान्य वर्ग के लोगों को इस मामले में भड़काने की कोशिश है,उकसाने की कोशिश है सरकार पर दवाब बढ़ाने के लिए दूसरे सवर्ण भी अपने पद से इसी तरह इस्तीफा देकर विरोध जताएं।यह सामान्य वर्ग के लोगों का खुद को नेता बनाने की कोशिश है।यह जताने की कोशिश है कि मैं जो कह रहा हूं, वही सही है, मैंने जो किया है वही सही है। इस मामले में अभी बड़े राजनीतिक दल सामने नहीं आए हैं क्योंकि वह जानते हैं कि किसी एक का पक्ष लेने से उनको राजनीतिक नुकसान हो सकता है लेकिन यह तो तय है कि यह जो किया जा रहा है कि इसलिए किया जा रहा है कि यूपी के चुनाव में इसे मुद्दा बनाकर भाजपा को नुकसान पहुंचाया जाए।सब जानते हैं कि सामान्य वर्ग के लोग भाजपा को ज्यादा वोट देते हैं,इसलिए सामान्य वर्ग को भाजपा के खिलाफ करने के लिए यह सब किया जा रहा है। अब अगर सरकार यूजीसी के नियम बदलती है तो राजनीति करने वाले सरकार को दलित,पिछड़ा विरोधी बताएंगे और सरकार नियम नहीं बदलती है तो भाजपा के वोट बैंक सामान्य वर्ग को भाजपा के खिलाफ भड़काया जाएगा कि देखों तुम लोग भाजपा को वोट देते हो और भाजपा सरकार तुम्हारे खिलाफनियम बनाती है।

# अजित पवारः आरोपों से ऊपर उठे राजनीति के 'दादा-पुरुष'

**ललित गर्ग**



यह खबर केवल एक व्यक्ति के निधन की नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के एक पूरे युग के अचानक थम जाने की सूचना है। 28 जनवरी 2026 की सुबह जब बारामती में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित अनंतराव पवार के असामयिक निधन की पुष्टि हुई, तो वह क्षण केवल पवार परिवार के लिए नहीं, बल्कि समूचे महाराष्ट्र और देश की राजनीति के लिए गहरे शोक और स्तब्धता का कारण बन गया। जिस नेता को लोग अधिकार, अनुभव और निर्णय क्षमता का पर्याय मानते थे, उसका इस तरह अचानक चले जाना सत्ता, प्रशासन और राजनीतिक संतुलन में एक बड़ा रिक्त स्थान छोड़ गया है। एक संभावनाओं भरी महाराष्ट्र की राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल महाराष्ट्र के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से सहकारी आन्दोलन को भी गहरा धक्का लगा है।

अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं। औपचारिक शिक्षा माध्यमिक स्तर तक ही सीमित रही, किंतु जीवन की व्यावहारिक पाठशाला ने उन्हें वह सिखाया जो बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थान भी नहीं सिखा पाते। शायद यही कारण रहा कि अजित पवार की राजनीति किताबों से नहीं, जमीन से निकली हुई राजनीति थी, जिसमें किसानों की पीड़ा, सहकारी संस्थाओं की ताकत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नब्ज साफ दिखाई देती थी। राजनीति में उनका प्रवेश किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि सहकारी आंदोलन की प्रयोगशाला से हुआ। 1982 में मात्र बीस वर्ष की आयु में उन्होंने एक चीनी सहकारी संस्था का चुनाव लड़ा। यह वही दौर था जब महाराष्ट्र की राजनीति में सहकारी संस्थाएं सत्ता की रीढ़ मानी जाती थीं। अजित पवार ने बहुत जल्दी समझ लिया कि यदि ग्रामीण महाराष्ट्र को साधना है तो उसे बैंक, चीनी मिल, सिंचाई और बिजली से जोड़ना होगा। यही समझ आगे चलकर उनकी राजनीतिक पहचान की सबसे बड़ी ताकत बनी।

1991 अजित पवार के राजनीतिक जीवन का निर्णायक वर्ष रहा। पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्होंने वित्तीय प्रशासन और संगठन संचालन में अपनी दक्षता का परिचय दिया। सोलह वर्षों तक इस पद पर बने रहना अपने आप में उनकी विश्वसनीयता और पकड़ को दर्शाता है। उसी वर्ष बारामती से लोकसभा के लिए निर्वाचित होना उनके बढ़ते कद का प्रमाण था, लेकिन उन्होंने यह सीट अपने चाचा शरद पवार के लिए छोड़ दी।



यह फैसला केवल पारिवारिक निष्ठा का नहीं, बल्कि राजनीतिक दूरदृष्टि का भी उदाहरण था। इसके बाद विधानसभा में प्रवेश और फिर लगातार बारामती से जीत ने उन्हें जनाधार का वह आधार दिया, जिसे महाराष्ट्र की राजनीति में विरले ही कोई चुनौती दे सका। अजित पवार को सत्ता के गलियारों में पहुंचाने वाली सबसे बड़ी विशेषता उनकी प्रशासनिक पकड़ थी। कृषि, बागवानी, बिजली और जल संसाधन जैसे कठिन और संवेदनशील विभागों को संभालते हुए उन्होंने विकास और विवाद दोनों को नजदीक से जिया। जल संसाधन मंत्री के रूप में कृष्णा घाटी और कोकण सिंचाई परियोजनाओं से उनका नाम जुड़ा। इन परियोजनाओं ने जहां किसानों के लिए पानी और उम्मीद का संदेश दिया, वहीं आलोचनाओं और आरोपों का बोझ भी उनके कंधों पर रखा। इसके बावजूद वे उन नेताओं में रहे जो फाइलों से नहीं, फैसलों से पहचाने जाते थे।

उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका सफर महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनोखा अध्याय है। छह बार इस पद तक पहुंचना केवल राजनीतिक संयोग नहीं था, बल्कि सत्ता संतुलन, गठबंधन राजनीति और संगठनात्मक ताकत का परिणाम था। वे सरकार में अक्सर संकटमोचक की भूमिका में दिखे। बजट, वित्तीय प्रबंधन और संसदीय रणनीति में उनकी पकड़ ऐसी थी कि विरोधी भी उनके अनुभव को नजरअंदाज नहीं कर पाते थे। उन्हें महत्वाकांक्षी कहा गया, कभी-कभी कठोर और रूखे स्वभाव का नेता भी बताया गया, लेकिन यह भी सच है कि सत्ता की वास्तविकता को वे भावनाओं से नहीं, निर्णयों से देखते थे। विवाद उनके राजनीतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे। सिंचाई घोटाले से लेकर बयानबाजी तक, कई मौके ऐसे आए जब उनकी छवि पर प्रश्नचिह्न लगे। अगर बांध में पानी नहीं है तो क्या पेशाब करके भरें? जैसे बयान ने उन्हें आलोचनाओं के केंद्र में ला खड़ा किया। उन्होंने माफी भी मांगी, सफाई भी दी और समय के साथ उन विवादों से उबरते हुए फिर सत्ता के शीर्ष पर लौटे। यह उनकी राजनीतिक जिजीविषा का प्रमाण था कि आलोचना और आरोप उन्हें रोक नहीं पाए।

शरद पवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी हमेशा चर्चाएं रहीं। कभी मतभेद, कभी दूरी और कभी सियासी अलग राह की अटकलें। लेकिन अजित पवार स्वयं को हमेशा शरद पवार का अनुयायी बताते रहे। उन्हें मिला दादा का संबोधन केवल पारिवारिक नहीं था, बल्कि वह एक राजनीतिक ब्रांड बन चुका था, जो उनके समर्थकों में भरोसे और नेतृत्व की भावना जगाता था। वे संगठनकर्ता भी थे और प्रशासक भी, रणनीतिकार भी और जमीनी नेता भी। उन्हें अपनी विविध आयामी भूमिकाओं से अपने को मिले 'दादा' के अलंकरण को सार्थक भी किया और जीवंतता भी दी। उनका असामयिक निधन एक क्रूर विडंबना है। जिस नेता ने दशकों तक सत्ता की उड़ान भरी, उसकी जीवन यात्रा एक विमान हादसे में थम गई। कहा जाता है कि दुर्घटना से कुछ समय पहले तक वे पूरी तरह सक्रिय थे, योजनाओं, बैठकों और राजनीतिक समीकरणों में व्यस्त। यह अचानक आई मृत्यु उस अनिश्चितता को रेखांकित करती है, जो सत्ता और जीवन दोनों के साथ जुड़ी है।

अजित पवार का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल राजनेता, समाज निर्माता, ग्राम-उद्धारक, सहकारी आन्दोलन पुरोधा, कुशल प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया। यही कारण है कि कोई भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र आपके जीवन से अछूता रहा हो, संभव नहीं लगता। आपके जीवन की खिड़कियाँ समाज एवं राष्ट्र को नई दृष्टि देने के लिए सदैव खुली रही। उनकी सहजता और सरलता में गोता लगाने से ज्ञात होता है कि वे राजनीतिक सरोकार से ओतप्रोत एक अल्हड़ एवं साहसिक व्यक्तित्व थे। बेशक अजित पवार अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने जुझारु राजनीति जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय राजनीति एवं राष्ट्रवादी सोच के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे।

आज जब महाराष्ट्र और देश उनके निधन पर शोकाकुल है, तब अजित पवार का मूल्यांकन केवल प्रशंसा या आलोचना के तराजू पर नहीं किया जा सकता। वे विवादों से घिरे रहे, लेकिन उनसे परिभाषित नहीं हुए। उनकी राजनीति कठोर थी, लेकिन उसमें अनुभव की गहराई थी। वे लोकप्रियता से अधिक प्रभाव में विश्वास रखते थे। शायद यही कारण है कि उनके जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में एक ऐसा सन्नाटा है, जिसे शब्दों में बांधना कठिन है। अजित पवार का जीवन यह सिखाता है कि राजनीति केवल भाषणों और नारों से नहीं चलती, बल्कि निर्णय, जोखिम और जिम्मेदारी से चलती है। उनका जाना एक चेतावनी भी है और एक स्मृति भी, क्योंकि सत्ता क्षणभंगुर है, लेकिन अनुभव और प्रभाव लंबे समय तक याद किए जाते हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में दादा के नाम से पहचाना जाने वाला यह व्यक्तित्व अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है, लेकिन उसकी छाया आने वाले वर्षों तक राज्य की राजनीति पर बनी रहेगी।

# बापू की लाठी, पोते का प्लॉट

**कटाक्ष**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



शहर के उस 'शहीद चौक' पर, जहाँ धूल और कबूतरों की बीट ने इतिहास की गरिमा को एक नया रंग दे दिया था, रामभरोसे लाल 'सत्यवादी' खड़े होकर साबरमती के संत की प्रतिमा को ऐसे घूर रहे थे जैसे उनकी पिछली अटकी हुई फाइल की चाबी वहीं कहीं छिपी हो। 30 जनवरी की सुबह थी, और हवा में 'देशभक्ति' की वैसी ही अस्थायी लहर थी जैसी चुनाव के समय मुफ्त राशन के वादों की होती है। रामभरोसे लाल ने चश्मा साफ किया–जो गांधीवादी कम और 'कमीशन-वादी' ज्यादा लगता था–और अपने चेलों से बोले, देख रहे हो, बापू आज भी मुस्कुरा रहे हैं, शायद इसलिए कि उन्हें पता है कि इस देश में अहिंसा का इस्तेमाल अब केवल धरने पर बैठकर समोसे उड़ाने के लिए होता है। तभी वहां सुच्चा सिंह 'जुगाड़ी' अपनी हरियाणवी की लट्ठमार शैली और खाकी कुर्ते के साथ प्रकट हुए। सुच्चा सिंह ने आते ही प्रतिमा के चरणों में माथा ऐसे टेका जैसे कोई आयकर विभाग का छापा पड़ने पर भगवान के चरणों में गिरता है। अरे रामभरोसे, आज तो कति जमाई 'राम-राज्य' की फीलिंग ले रहा है तू! बापू की पुण्यतिथि पै सफेद टोपी पहन के ऐसे खड़ा है जैसे तूने कदे रिश्वत का नाम तक ना सुना हो। यो बता, आज का 'श्रद्धांजलि' का बजट कितना पास करवाया है? सुना है शहर के सारे बड़े ठग आज यहीं इकट्ठा होकर दो मिनट का मौन रखने वाले हैं, ताकि अगले एक साल के लिए झूठ बोलने की नई ऊर्जा मिल सके। रामभरोसे ने गहरी सांस ली और बोले, सुच्चा भाई, ये राजनीति है। यहाँ बापू के सिद्धांतों को केवल नोटों पर और दीवारों पर चिपकाया जाता है, आचरण में ले आए तो घर की ईंटें बिक जाएंगी। आज हम बापू को याद नहीं कर रहे, बल्कि उनके नाम पर अपनी उन तमाम फाइलों को 'पवित्र' कर रहे हैं जो साल भर मेज के नीचे से सरकी हैं।

श्रद्धांजलि सभा का 'प्रोटोकॉल' इतना सख्त था कि अगर बापू खुद जीवित होकर आ जाते, तो सुरक्षा गार्ड उन्हें बिना आईडी कार्ड के अंदर घुसने नहीं देते। रामभरोसे लाल ने मंच संभाला और ऐसे गला साफ किया जैसे किसी पुरानी पाइपलाइन से कचरा निकाल रहे हों। उन्होंने माइक थामते ही 'अपरिग्रह' (जरूरत से ज्यादा जमा न करना) पर वह ऐतिहासिक भाषण देना शुरू किया, जिसे सुनकर उनकी अपनी ही कोठी की अलमारियां शर्म से सिसकने लगी होंगी। सुच्चा सिंह पास ही बैठे एक दूसरे नेता के कान में फुसफुसाए, यो रामभरोसे तो कति 'हरिश्चंद्र' का बाप बन रहा है। खुद के पास तीन प्लॉट अवैध कब्जे के हैं और भाषण में कह रहा है कि 'संग्रह करना पाप है'। ताऊ, इसा लागे है कि आज बापू की मूर्ति भी अपना डंडा उठाकर इन पै बरसाना शुरू कर देगी। मंच पर मौजूद नेताजी लच्छीराम ने माइक छीनते हुए कहा, साथियों, बापू ने कहा था कि बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो और बुरा मत बोलो। इसीलिए हमने तय किया है कि हम विभाग के किसी भी भ्रष्टाचार को नहीं देखेंगे, घोटाले की बात नहीं सुनेंगे और सीबीआई के सामने कुछ नहीं बोलेंगे। सभा में जोरदार तालियां बजीं। यह तालियां बापू के लिए नहीं, बल्कि उस कलाकारी के लिए थीं जो सत्य का गला इतनी सफाई से घोंट रही थी कि खून का एक कतरा भी जमीन पर नहीं गिर रहा था। रामभरोसे ने मुस्कुराकर सुच्चा सिंह की ओर देखा, मानो कह रहे हों कि 'देख, इसे कहते हैं अहिंसक डकैती'। सुच्चा सिंह ने हरियाणवी में जवाब दिया, भाई, थारी ये 'अहिंसा' तो कति कमाल की है, इसमें गरीब का गला भी कट जावे और हाथ पै खून का दाग भी ना लागे। बापू तो शरीफ मानस थे, उन्हें क्या पता था कि उनके 'तीन बंदर' एक दिन सरकारी फाइल की 'आर-टी-आई' के जवाब बन जाएंगे।

दोपहर होते-होते 'मौन धारण' का समय आ गया। शहीद चौक पर सन्नाटा ऐसा था जैसे सरकारी अस्पताल में डॉक्टर की कुर्सी पर पसरा रहता है। दो मिनट का मौन शुरू हुआ। रामभरोसे लाल ने आँखें बंद कीं, पर उनके दिमाग का कैलकुलेटर चल रहा था कि शाम को 'स्वच्छ भारत अभियान' के फंड से कितना माल अंदर करना है। सुच्चा सिंह ने एक आँख खोलकर देखा कि पास खड़ा ठेकेदार बापू की प्रतिमा के नीचे चबूतरे की दरारें गिन रहा था, शायद अगले साल के 'रिनोवेशन टेंडर' की तैयारी में। अचानक, एक आवारा कुत्ता प्रतिमा के पास आकर भौंकने लगा। रामभरोसे लाल की एकाग्रता भंग हुई। उन्होंने फुसफुसाते हुए कहा, इसे भगाओ! ये मौन भंग कर रहा है। सुच्चा सिंह हँसे और बोले, यो कुत्ता भी शायद 'सत्य का साक्षात्कार' कर रहा है। इसे लग रहा है कि तुम सबने दो मिनट का मौन बापू के लिए नहीं, बल्कि अपनी मरी हुई जमीर की बरसी मनाने के लिए रखा है। देख रामभरोसे, यो कुत्ता भी थारे तै सुथरा है, कम से कम मुँह पै तो भौंक रहा है, थारे बरगा पीठ पीछे तो पाकेट नहीं काटता। मौन टूटा और पुष्प अर्पित करने की होड़ मच गई। हर कोई सबसे आगे आकर फूल चढ़ाना चाहता था ताकि फोटो में उनका चेहरा बापू के सबसे करीब दिखे। एक फोटो पत्रकार ने चिल्लाकर कहा, सर, थोड़ा और बापू की ओर झुकिए, ऐसा लगना चाहिए कि सारा बोझ आप ही के कंधों पर है। रामभरोसे लाल ने चश्मा थोड़ा और नीचे खिसकाया और प्रतिमा के कानों के पास जाकर ऐसे खड़े हो गए जैसे बापू को बता रहे हों कि 'चिंता मत करो, आपकी लाठी हमने संभाल ली है, और अब हम इससे पूरी जनता को हांक रहे हैं'।

कार्यक्रम के अंत में एक बहुत ही भावुक घोषणा की गई। रामभरोसे लाल ने रुआंसी आवाज़ में कहा, आज हम बापू के चरणों में शपथ लेते हैं कि इस जिले को भ्रष्टाचार मुक्त बनाएंगे। तभी वहां एक फटेहाल बूढ़ा, जो कोने में बैठा सब देख रहा था, आगे आया। उसने रामभरोसे के हाथ में एक छोटा सा मुड़ा-तुड़ा कागज़ थमाया। रामभरोसे को लगा कि शायद कोई प्रशंसा पत्र है। उन्होंने मुस्कुराते हुए उसे खोला और पढ़ा। पढ़ते ही उनके चेहरे की हवाइयां ऐसे उड़ीं जैसे सरकारी दफ्तर से छप्पर उड़ जाता है। उस कागज़ पर लिखा था– प्रिय पोते रामभरोसे, तुमने साबरमती का आश्रम तो नहीं देखा, पर मेरा 'डेथ सर्टिफिकेट' ज़रूर बेच खाया। मैं वही दादा हूँ जिसे तुमने पिछले साल कागज़ों में मृत घोषित करके बापू की प्रतिमा लगवाने के लिए आवंटित जमीन हड़प ली थी। आज मेरी पुण्यतिथि नहीं, बापू की है, पर तुमने मुझे भी 'शहीद' बना दिया ताकि प्लॉट पर तुम्हारी कोठी खड़ी हो सके। सुच्चा सिंह ने वह पत्र छीनकर पढ़ा और ज़ोर से ठहाका मारते हुए बोले, अरे वाह रे मेरे 'सत्यवादी' के पोते! तूने तो कति कमाल कर दिया। बापू तो केवल खुद के प्राण देके गए थे, तूने तो अपने जीवित दादा को ही 'शहीद' घोषित कर दिया! यो है असली गांधीवाद–बिना हिंसा के अपनों को ही निपटा देना। रामभरोसे लाल वहीं चबूतरे पर निढाल होकर बैठ गए। शहीद चौक पर लगी बापू की प्रतिमा अब भी मुस्कुरा रही थी, पर शायद पहली बार उसकी पत्थर की आँखों से भी पानी गिर रहा था। भीड़ इकट्ठा होने लगी और रामभरोसे लाल को लगा कि अब वे खुद एक 'जीवित मूर्ति' बन गए हैं, जिसका विसर्जन अब सरेआम होने वाला था।

## राशिफल

**मेष राशि :–** राशि का स्वामी मंगल प्रमुख दशम कर्म भाव लग्न मकर में मकर राशि का होकर संचार कर रहा है। द्वादश व्यय भाव में मीन राशि का शनि मार्गी होकर उत्तम राजयोग का सृजन कर रहा है। आपकी राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी।

**वृष राशि :–** आपकी राशि का स्वामी शुक्र अष्टम आयु भाव केन्द्र में चन्द्र साथ मार्गी है। चन्द्रमा आज द्वितीय भाव में राज्य से सम्मान दिलाएगा। द्वितीय कोष भाव में मिथुन राशि का बृहस्पति, देवता गुरु, ब्राह्मणों के प्रति भक्ति भावना जागृत करेगा।

**मिथुन राशि :–** राशि का स्वामी बुध मकर राशि का होकर अष्टम शत्रु चिंता केन्द्र भाव में विराजमान होकर द्वादश को संपूर्ण शुभ दृष्टि से देख रहा है। चन्द्रमा मिथुन राशि पर संचार कर रहा है। स्वराशि के चन्द्रमा में भाइयों से विवाद उग्र रूप धारण कर सकता है।

**कर्क राशि :–** आपकी राशि पर मिथुन राशि का बृहस्पति सर्वत्र विजय विभूति सफलता का देने वाला है। आज चन्द्रमा भी द्वादश भाव में मनोरथ सिद्धि कारक है। पुराने किसी महान सत्तारूढ़ पुरुष की कृपा से मंत्री पद की प्राप्ति भी हो सकती है।

**सिंह राशि :–** आज दिन भर प्रतिद्वंद्वियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। कारोबार में अकस्मात् आशा से अधिक लाभ व प्रगति होने से खोया हुआ विश्वास पुनः प्राप्त होगा। संतान पक्ष से भी अपेक्षित समाचार मिलेगा।

**कन्या राशि :–** काफी दिनों से जो असमंजस बना हुआ है, अब उसका अंत होगा और मायूसी भी समाप्त हो जाएगी। जिस वजह से आप के सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज वह रुकावट हट जाएगी और आपके रचनात्मक कार्यों में गति आएगी।

**तुला राशि :–** वैसे तो आप इस प्रकार के काम करते रहते हो जो दूसरों के लिए जोखिम भरे होते हैं। लेकिन यह सब आपके परिजनों के लिए आम बात है और आपके कार्य क्षेत्र के रिस्क से उनका कोई लेना देना भी नहीं है।

**वृश्चिक राशि :–** आज आपका घरेलू और व्यावसायिक वातावरण काफी अस्त-व्यस्त रहेगा। कई प्रकार के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं। सायंकाल तक आप अपना कुछ समय लगाकर अपने कार्य कौशल से अपनी मुसीबतें कम कर पायेंगे।

**धनु राशि :–** जिस प्रकार प्रतियोगिता या परीक्षा को आप उत्तीर्ण कर लेना चाहते हैं, उसका निदान आज करना है। क्योंकि जिस तरीके से आप अपनी रणनीति को लागू कर रहे हैं, उससे लगता है कि युक्तिसंगत प्रयासों का लाभकारी परिणाम सामने आएगा।

**मकर राशि :–** आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। परिस्थितियां जब सुधरने लगती हैं तो सभी काम एक-एक कर बनने लगते हैं और व्यर्थ की जद्दोजहद तथा तनाव भी समाप्त होने लगते हैं।

**कुंभ राशि :–** आजकल एकदम से बहुत सारे काम आपके आगे पीछे आ रहे हैं। आपके विरोधी भी कुछ एसी चाल चल रहे हैं कि आप फालतू कामों में उलझे रहे हैं। आपको अपनी पोजीशन स्पष्ट करनी है, तो फिर अपने वरिष्ट अधिकारी को इसकी जानकारी अवश्य दें। राशि स्वामी शनि मीन राशि का होकर द्वितीय भाव में बहु व्यय कारक है।

**मीन राशि :–** जितना भी हो सके आज आप अपने परिवार और रोजगार को ही ठीक तरह से संभालने की चेष्टा करें। आज व्यवसाय के विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर और अनुकूल समय है। बाहर की सुविधाएं भी आपको मिल रही हैं और आर्थिक कमी को भी इस वक्त परेशानी नहीं। अगर संतान के विवाह का प्रसंग प्रबल है तो पंडित या पुरोहित में गंभीरता पूर्वक संपर्क करें।

## भारत-ईयू एफटीए

# छत्तीसगढ़ के उद्योग के लिए यूरोप के द्वार

**हृदय मोहन**





भारत और यूरोपीय संघ के बीच संपन्न मुक्त व्यापार समझौता केवल एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक करार नहीं है, बल्कि भारत की बदलती वैश्विक भूमिका का स्पष्ट संकेत है। इस समझौते का वास्तविक अर्थ तब और गहराई से समझ में आता है, जब इसे दिल्ली या ब्रुसेल्स की बजाय रायपुर, भिलाई, कोरबा और रायगढ़ के औद्योगिक परिदृश्य से देखा जाए। छत्तीसगढ़ के लिए यह समझौता वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ने का एक ठोस और व्यावहारिक अवसर लेकर आया है।

छत्तीसगढ़ लंबे समय से देश के औद्योगिक मानचित्र में एक मजबूत स्तंभ रहा है। इस्पात, बिजली और खनिज आधारित उद्योगों ने राज्य को औद्योगिक पहचान दी है। भारत-ईयू एफटीए के बाद यूरोपीय बाजार में उच्च गुणवत्ता वाले इंजीनियरिंग स्टील, विशेष एलॉय और मूल्यवर्धित धातु उत्पादों की मांग बढ़ने की संभावना है। यूरोप की उन्नत तकनीक, ऊर्जा-कुशल प्रक्रियाओं और हरित इस्पात पर बढ़ते जोर से छत्तीसगढ़ के संयंत्रों के आधुनिकीकरण का रास्ता खुलेगा। इससे राज्य का इस्पात उद्योग केवल उत्पादन क्षमता तक सीमित न रहकर गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के नए स्तर तक पहुँच सकता है।

यह समझौता खनिज संपदा पर आधारित अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने का अवसर भी प्रदान करता है। छत्तीसगढ़ में लौह अयस्क, कोयला और बॉक्साइट जैसे संसाधनों की प्रचुरता है, लेकिन अब तक इनका बड़ा हिस्सा कच्चे या सीमित प्रसंस्करण के बाद बाहर भेजा जाता रहा है। यूरोपीय कंपनियों के साथ सहयोग और निवेश की संभावनाएँ मूल्यवर्धन को राज्य के भीतर ही बढ़ावा दे सकती हैं। यदि उन्नत प्रसंस्करण और विनिर्माण इकाइयाँ स्थानीय स्तर पर स्थापित होती हैं, तो इससे रोजगार सृजन होगा और राज्य की औद्योगिक अर्थव्यवस्था अधिक संतुलित तथा मजबूत बनेगी।

भारत-ईयू एफटीए का लाभ केवल बड़े औद्योगिक समूहों तक सीमित नहीं है। छत्तीसगढ़ के लघु और मध्यम उद्योगों के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। प्रेसिजन इंजीनियरिंग, फैब्रिकेशन, औद्योगिक सेवाएँ, खाद्य प्रसंस्करण और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में स्थानीय उद्यमी यूरोपीय आपूर्ति श्रृंखलाओं से जुड़ सकते हैं। इसके लिए गुणवत्ता मानकों, प्रमाणन और तकनीकी दक्षता पर ध्यान देना आवश्यक होगा। यदि सही मार्गदर्शन और समर्थन मिले, तो राज्य के एमएसएमई वैश्विक बाजार में अपनी पहचान बना सकते हैं।

इस समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू मानव संसाधन और कौशल विकास से भी जुड़ा है। यूरोपीय बाजार में तकनीकी और पेशेवर कौशल की निरंतर मांग रहती है। छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए यह अवसर है कि वे तकनीकी दक्षता, डिजिटल कौशल और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त करें। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि राज्य की कार्यबल गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

यूरोपीय संघ के सख्त पर्यावरण मानकों को लेकर अक्सर चिंता व्यक्त की जाती है, लेकिन यही मानक छत्तीसगढ़ के लिए दीर्घकालिक अवसर भी हैं। स्वच्छ ऊर्जा, कार्बन उत्सर्जन में कमी और अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में सहयोग से राज्य के उद्योग अधिक टिकाऊ बन सकते हैं। यदि छत्तीसगढ़ हरित औद्योगिक परिवर्तन को समय रहते अपनाता है, तो वह न केवल वैश्विक बाजार में टिकेगा, बल्कि देश के लिए एक उदाहरण भी प्रस्तुत करेगा।

इस समझौते की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि राज्य स्तर पर कितनी रणनीतिक तैयारी की जाती है। निर्यात उन्मुख औद्योगिक क्लस्टर, बेहतर लॉजिस्टिक्स, कौशल विकास और उद्योग-अकादमिक सहयोग अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। लोकल टू ग्लोबल का नारा तभी सार्थक होगा, जब स्थानीय क्षमताओं को वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप ढाला जाए।

भारत-ईयू एफटीए ने छत्तीसगढ़ के उद्योग के लिए यूरोप के द्वार खोल दिए हैं। यह केवल व्यापार विस्तार का अवसर नहीं, बल्कि राज्य की औद्योगिक यात्रा को नई दिशा देने वाला समझौता है। यदि नीति, निवेश और नवाचार का सही तालमेल बना, तो आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ के उद्योग यूरोपीय अर्थव्यवस्था के भरोसेमंद साझेदार बन सकते हैं। यह अवसर है– छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय औद्योगिक शक्ति से वैश्विक औद्योगिक पहचान तक ले जाने का।

**(लेखक पूर्व कार्यकारी निदेशक, स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (सेल) तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में नियमित स्तंभकार हैं।)**

(hridayamohan@yahoo.co.in)

## एक नजर

### पंचायत सचिवों के 6 पदों पर भर्ती के लिए कम्प्यूटर कौशल परीक्षा 4 एवं 5 फरवरी को

**दंतेवाड़ा, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालय जिला पंचायत से जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले में ग्राम पंचायत सचिवों के कुल 06 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। इस संबंध में पात्र अभ्यर्थियों का कम्प्यूटर कौशल परीक्षा का आयोजन दिनांक 04 फरवरी एवं 05 फरवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे से कार्यालय लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में किया गया है। कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं पहचान पत्र जिसमें फोटो लगा हो के साथ उपस्थित होने के लिए सूचना जारी किया जा रहा है। कम्प्यूटर कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची का अवलोकन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दन्तेवाड़ा के सूचना पटल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा, कटेकल्याण के सूचना पटल पर एवं जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के वेबसाईट www.dantewada.nic.in में कर सकते हैं।

### ग्राम बेनपाल में शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन किए जाने 4 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा,29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी बड़ेबचेली,से प्राप्त जानकारी अनुसार दंतेवाड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेनपाल में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संबंध में आवेदन प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर देते हुए दुकान संचालन हेतु इच्छुक एजेन्सी यथा वृहदाकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समितियां, ग्राम पंचायत, महिला स्व. सहायता समूह, वन सुरक्षा समितियां राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट, सार्वजनिक उपक्रम अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियां एवं प्राथमिक कृषि साख समितियों से विहित प्रारूप में दिनांक 22 जनवरी 2026 से दिनांक 04 फरवरी 2026 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में अनुविभागीय दण्डाधिकारी बड़े बचेली के कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

### अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर 7 वाहन,मशीन किए जब्त

**दंतेवाड़ा, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार एवं उप संचालक (खनिज) श्री योगेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में खनिज जांच दल एवं पुलिस विभाग द्वारा दंतेवाड़ा जिले के बालपेट एवं बालूद क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौण खनिज साधारण रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। मौके पर विधिवत पंचनामा तैयार कर कुल 7 वाहन, मशीन जप्त किए गए, जिनमें अवैध परिवहन में प्रयुक्त 5 ट्रैक्टर तथा अवैध उत्खनन में संलिप्त 1 जेसीबी मशीन एवं 1 ट्रैक्टर लोडर शामिल हैं। जप्त सभी वाहनों को सुरक्षार्थ कलेक्टर कार्यालय परिसर, दंतेवाड़ा में रखा गया है। उक्त प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(4) के तहत जप्ती की कार्रवाई करते हुए धारा 21(5) के अंतर्गत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा पूर्व में भी खनिज ठेकेदारों एवं परिवहनकर्ताओं को बिना वैध अभिवहन पास के खनिज परिवहन को दण्डनीय अपराध बताया गया है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त दण्डात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमले द्वारा निरंतर जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई में खनि निरीक्षक श्री अश्वनी झाड़ी सहित जिला खनिज जांच दल के कर्मचारी उपस्थित थे।

### शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**दंतेवाड़ा, 29 जनवरी।** शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय, दंतेवाड़ा में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः महाविद्यालय परिसर में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सरिता ऊईके, अध्यक्ष जन भागीदारी समिति, तथा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

# लकड़ी माफियाओं के ठिकानों पर वन विभाग की दबिश

- 3.351 घन मीटर सागौन चिरान जब्त
- दो आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध दर्ज
- सीसीएफआलोक तिवारी व डीएफओ रंगानाधा रामाकृष्णा वाय के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 29 जनवरी।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग दंतेवाड़ा द्वारा जिले में अवैध लकड़ी तस्करी पर नकेल कसने हेतु लगातार गश्त एवं सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दंतेवाड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़मिरी में गोपनीय सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सागौन प्रजाति की हाथ आरा चिरान फारा 175 नग, कुल 3.351 घन मीटर, जब्त की गई। यह कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक श्री आलोक तिवारी के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी श्री रंगानाधा रामाकृष्णा वाय के मार्गदर्शन में तथा उपवनमण्डलाधिकारी श्रीमती द्रौपती ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुई।

नवपदस्थ दंतेवाड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी डॉ. प्रीतेश कुमार पाण्डेय, जिन्हें दंतेवाड़ा रेंजर के रूप में पदस्थ हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं, के नेतृत्व में यह बड़ी एवं प्रभावी कार्रवाई अंजाम दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपियों कोसा पिता देवा एवं भीमा पिता हिड़मा, निवासी ग्राम गढ़मिरी, के विरुद्ध काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 के अंतर्गत विधिवत जप्ती कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 15455/02 एवं 15455/03 दिनांक 28.01.2026 पंजीबद्ध किया गया है।

जप्ती एवं छापेमारी की कार्रवाई में वन अमले के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों श्री सोहन लाल वर्मा, श्री जे.पी. मिश्रा, श्री संतोष नाग, श्री लक्ष्मीनारायण नागे, परिसर रक्षक श्री कोमल राम साहू (चंदेनार) एवं श्री रामलाल नेताम, वनरक्षक श्री दुष्यंत निषाद, श्री चिंगडू राम सोरी, श्रीमती मिच्चा लखमी, श्री चमरू राम नाग, श्री शिवराम मंडावी, श्री ललित मांझी, श्री भूषण नेताम, श्री दानसाय वट्टी सहित अन्य कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। वन विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध लकड़ी कारोबार, तस्करी एवं वनों के दोहन के विरुद्ध निरंतर गश्त एवं कठोर कार्रवाई आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगी, ताकि वन संपदा का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

### जिला स्तरीय एक दिवसीय जनजातीय गौरव और परंपरा का पर्व बस्तर पंडुम का शुभारंभ

# बस्तर पंडुम के माध्यम से पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, हस्तशिल्प और आदिवासी रीति-रिवाजों को दिया गया मंच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 29 जनवरी।** बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और जनजातीय अस्मिता को सहजने एवं संवारने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज माँ दंतेश्वरी मंदिर के पावन प्रांगण में जिला स्तरीय बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर की लोकसंस्कृति, पारंपरिक कला, नृत्य, संगीत एवं रीति-रिवाजों की जीवंत झलक देखने को मिली, जिसने उपस्थित जनसमूह को बस्तर की आत्मा से जोड़ दिया।



जिला स्तरीय बस्तर पंडुम के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी भाई-बहनों, माताओं-पिताओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं युवा साथियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और विरासत को सहेजना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत दंतेवाड़ा जिले से हुई है और उनके जीवन का आधा से अधिक समय यहीं बीता है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि आज बस्तर बदल रहा है, बस्तर की तस्वीर बदल रही है और देश-विदेश में बस्तर की एक नई पहचान बन रही है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के मंशानुसार बस्तर की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध क्षेत्र है। माँ दंतेश्वरी मंदिर, ढोलकाल, बारसूर, चित्रकूट और तीरथगढ़ जैसे अनेक प्रमुख पर्यटन स्थल बस्तर की पहचान हैं। बस्तर पंडुम के माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को विश्व पटल तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। इस आयोजन में 12 विधाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने बस्तर की संस्कृति को सहज और जीवंत रखा है, और यह हम सभी का कर्तव्य है कि इस सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि पहले बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा में जहाँ कभी गोलियों की गूंज सुनाई देती थी, आज वहाँ ढोल-मांदर की थाप सुनाई दे रही है, जो बस्तर के बदलते स्वरूप को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा कि हमें केवल किताबों तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि पूर्वजों से मिली संस्कृति को जीकर उसकी पहचान बनानी है। अब बस्तर से नक्सलवाद समाप्ति की ओर है और यह क्षेत्र एक समृद्ध एवं विकसित बस्तर के रूप में आगे बढ़ रहा है। जो जिले पहले अति संवेदनशील कहलाते थे, वे आज प्रधानमंत्री द्वारा घोषित आकांक्षी जिलों में शामिल हैं। उन्होंने युवा वर्ग से बस्तर के पारंपरिक गीत, संगीत जैसे ''आया माचो दंतेश्वरी'' और ''साय रेला'' जैसे पारंपरिक गीतों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म में फॉलों कर प्रचार-प्रसार करने को आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने जिला स्तरीय बस्तर पंडुम के स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए दीदियों के द्वारा बनाई गई व्यंजनों का स्वाद चखा। कार्यक्रम में विधायक श्री चैतराम अटामी ने कहा कि बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और विकास की झलक को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी बस्तर पंडुम का सफल आयोजन किया गया था, जिसे जनता का भरपूर समर्थन मिला। इसी क्रम में इस वर्ष यह आयोजन और अधिक व्यापक रूप में किया जा रहा है। इस बार बस्तर पंडुम का आयोजन ब्लॉक स्तर से प्रारंभ होकर जिला स्तर तक तथा आगामी चरण में संभाग स्तर पर भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बस्तर संभाग के सर्वांगीण विकास, सांस्कृतिक विरासत और बदलते सकारात्मक स्वरूप को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बस्तर पंडुम कार्यक्रम की संपूर्ण परिकल्पना प्रदेश के मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बस्तर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपराओं एवं लोककलाओं को एक सूत्र में पिरोकर संरक्षित और संवर्धित करना है। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम न केवल सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करता है, बल्कि समाज में आपसी एकता, भाईचारे और गौरव की भावना को भी बढ़ावा देता है।

## एनएमडीसी बचेली में गणतंत्र दिवस सोल्लास मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 29 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स में भव्य कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। परियोजना के केवी मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्री श्रीधर कोडाली, मुख्य महाप्रबंधक ने झंडा फहराया एवं परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर परियोजना में स्थित विभिन्न विद्यालयों की ओर से मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। सभी विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत समूह नृत्य और पीटी अर्थात शारीरिक अभ्यास प्रस्तुत किया। साथ ही महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना की विभिन्न सांस्कृतिक समितियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए।

मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्री श्रीधर कोडाली, मुख्य महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए एनएमडीसी बचेली की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि



भारत की विकास यात्रा में पर्यावरण हितैषी खनिक के रूप में एनएमडीसी का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी एनएमडीसी अपने उत्पादन और सीएसआर प्रकल्पों के माध्यम से भारत की विकास यात्रा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी। इस कार्यक्रम में बीआईओएम बचेली के विभिन्न विभागाध्यक्षगण, श्रमिक संघों के पदाधिकारीगण, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बचेली नगरवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## साइबर पुलिस थाना जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का किया गया उद्घाटन

**बलौदाबाजार 29 जनवरी।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के पुलिस कंट्रोल रूम मे साइबर थाना की शुरुआत की गई। माननीय मुख्यमंत्री महोदय श्री विष्णुदेव साय एवं माननीय उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री महोदय श्री विजय शर्मा द्वारा रायपुर से जुड़कर बलौदाबाजार साइबर थाना का वर्चुअल शुभारम्भ किया गया। माननीय मुख्य अतिथियों द्वारा साइबर अपराध को रोकने के लिए इस सायबर थाना की अहम भूमिका रहने की कामना की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा रोजनामचा लेखन कर सायबर थाना बलौदाबाजार का कार्य विधिवत प्रारंभ किया गया। बढ़ते साइबर फ्राड के मामलों को देखते हुए लोगो की सुरक्षा के लिए प्रदेश भर मे एक नए थाना की शुरुआत किया गया है, जिसे साइबर थाना का नाम दिया गया है, जिसमें आज पुलिस कंट्रोल रूम बलौदाबाजार भवन में सायबर थाना बलौदाबाजार का शुभारंभ किया गया। जिले में साइबर थाना की शुरुआत करने के लिए कार्यक्रम स्थल पुलिस कंट्रोल रूम बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के साथ अन्य अतिथियों में श्रीमती आकांक्षा जायसवाल जिला पंचायत अध्यक्ष बलौदाबाजार-भाटापारा, श्री अशोक जैन नगर पालिका अध्यक्ष बलौदाबाजार, श्री आनंद यादव जिला अध्यक्ष भाजपा, श्री प्रमोद शर्मा पूर्व विधायक श्री हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा के साथ अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थिति रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला बलौदाबाजार-भाटापारा मे वर्ष 2024 एवं 2025 में कुल 1952 साइबर संबंधित शिकायत प्राप्त हुए हैं, जिन पर कार्यवाही की जा रही है।

# खदान मजदूर संघ ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल 29 जनवरी।** विश्व की सबसे वृहद श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस (76वीं वर्षगांठ) अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ गरिमामयी रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं यूनियन के वरिष्ठ सदस्य श्री बसंत पासी के करकमलों से राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, जिसके पश्चात उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर आयोजित संक्षिप्त समारोह में वक्ताओं ने संविधान की गरिमा, श्रमिकों के अधिकार, राष्ट्र निर्माण में मजदूरों की भूमिका तथा एकता और अनुशासन पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, महामंत्री विक्रम नाहक, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नजमूल हक, यूनियन सचिव महेंद्र कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में बड़ी संख्या में खदान मजदूर संघ के सदस्य, भाजपा पदाधिकारी, नागरिकगण एवं विद्यार्थी शामिल हुए, जिससे आयोजन और भी भव्य बन गया।

**मुख्य बिंदु :** खदान मजदूर संघ द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष एवं यूनियन वरिष्ठ सदस्य द्वारा ध्वजारोहण। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध श्रमिकों की सशक्त भागीदारी संविधान, श्रमिक अधिकार और राष्ट्र निर्माण पर विचार व्यक्त भाजपा पदाधिकारी, यूनियन सदस्य, नागरिक व विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित।

## निर्वाचन कार्यालय ने मतदाता सूची में नाम विलोपन संबंधी समाचारों के संबंध में दिया स्पष्टीकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 29 जनवरी।** निर्वाचन शाखा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले में विगत 25 जनवरी को कतिपय समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार ÷कांग्रेस जिलाध्यक्ष की माताजी समेत 20 नाम कटवाने का आरोप÷ के संबंध में निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्थिति स्पष्ट की गई है। कार्यालय ने बताया कि मतदाता सूची में नाम विलोपन अथवा संशोधन हेतु फार्म-07 की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं तीन चरणों में संपन्न होती है। प्रथम चरण में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर जांच, सत्यापन एवं पंचनामा तैयार कर दावा-आपत्ति प्राप्त की जाती है। जांच में सही नहीं पाए जाने पर दावा-आपत्ति निरस्त की जाती है। द्वितीय चरण में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बीएलओ के अपलोड दस्तावेजों की जांच कर सही पाए जाने पर प्रकरण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को भेजा जाता है। तृतीय चरण में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा समस्त दस्तावेजों की जांच के बाद अंतिम निर्णय लिया जाता है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय से असहमति की स्थिति में 15 दिवस के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रथम अपील तथा 30 दिवस के भीतर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील का प्रावधान है। विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत दावा-आपत्ति अवधि में प्रति सप्ताह राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित कर फार्म-9, 10, 11, 11ए एवं 11बी की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में 27 जनवरी को आयोजित बैठक में 25 जनवरी को प्रकाशित समाचार के संबंध में भी चर्चा की गई।

## दंतेवाड़ा में 'सम्पूर्णता अभियान 2.0' का जिला स्तरीय शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 29 जनवरी।** नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान 2.0 का जिला स्तरीय शुभारंभ आज दंतेवाड़ा में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा किया गया, जिसमें श्री केदार कश्यप, मंत्री, क्षेत्रीय विधायक श्री चैतराम अटामी, कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स की व्यापक सहभागिता रही। कार्यक्रम में डेवलपमेंट पार्टनर के रूप में टीआरआई, पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया कि नीति आयोग आकांक्षी जिलों में डेटा आधारित, परिणाम केंद्रित एवं नवाचार आधारित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं आधारभूत सेवाओं में सुधार पर विशेष फोकस किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सम्पूर्णता अभियान 1.0 की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि वर्ष 2024 में संचालित अभियान के अंतर्गत कुल 6 संकेतकों में से 5 संकेतकों में जिला दंतेवाड़ा द्वारा पूर्ण सैचुरेशन प्राप्त किया गया था, जिसके लिए जिले को केंद्र स्तर पर ÷सिल्वर अवॉर्ड÷ से सम्मानित किया गया था। यह उपलब्धि फ्रंटलाइन वर्कर्स, विभागीय अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं सामुदायिक सहभागिता के समन्वित प्रयासों का परिणाम रही।

इस अवसर पर जानकारी दी गई कि सम्पूर्णता अभियान 2.0 का संचालन 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक किया जाएगा। इस वर्ष जिले के लिए पांच प्रमुख संकेतक जन्म के समय नवजात शिशु का वजन पंजीकरण, टीबी मामलों की पहचान एवं नोटिफिक्रेशन, प्रत्येक आंगनबाड़ी में बच्चों एवं माताओं के लिए पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित आयोजन, विद्यालयों में कार्यशील बालिका शौचालय तथा पशुओं का नियमित टीकाकरण निर्धारित किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि इस वर्ष जिले का अगला लक्ष्य 'गोल्ड अवॉर्ड' प्राप्त करना है।

### प्रत्येक शनिवार को ग्राम में नियमित रूप से सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया जाता है

# गणतंत्र दिवस पर ग्राम पंचायत फरसपाल में स्वच्छताग्राही दीदियों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 29 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत फरसपाल में स्वच्छता अभियान अंतर्गत स्वच्छता ग्राही दीदियों का सार्वजनिक रूप से सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, जनपद सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा दीदियों को पारंपरिक रूप से सॉल एवं नारियल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल स्वच्छता कर्मियों के सम्मान का प्रतीक रहा, बल्कि ग्राम पंचायत फरसपाल की स्वच्छ, सुरक्षित एवं संगठित ग्राम व्यवस्था का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

ग्राम पंचायत फरसपाल को एक ऐतिहासिक ग्राम के रूप में जाना जाता है, जहाँ स्वच्छता केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन का रूप ले चुकी है।



ग्राम में प्रत्येक शनिवार को नियमित रूप से सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। इसके अंतर्गत ढोलकल मंदिर, देवगुड़ी, बाजार चौक, स्कूल परिसर, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन एवं सड़कों के किनारे विशेष रूप से साफ-सफाई की जाती है। इस अभियान में ग्रामवासी, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्वच्छता ग्राही दीदियाँ सक्रिय सहभागिता निभाती हैं। सम्मान समारोह के दौरान स्वच्छता ग्राही दीदियों का मनोबल एवं आत्मविश्वास बढ़ाया गया। यह सम्मान ग्राम पंचायत द्वारा उनके सतत योगदान के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान को दर्शाता है। ग्राम पंचायत की सोच में श्रम सम्मान के साथ-साथ स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा एवं सामाजिक गरिमा को भी प्राथमिकता दी जाती है। ग्राम पंचायत फरसपाल द्वारा सभी स्वच्छता ग्राही दीदियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें समय-समय पर योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही स्वच्छता ग्राही दीदियों का प्रतिमाह नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाता है, जिससे वे स्वस्थ रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।इस अवसर पर ग्राम पंचायत द्वारा एक नई पहल की जानकारी भी साझा की गई। पंचायत भवन के समीप कबाड़ एवं अनुपयोगी सामग्री से जुगाड़ के माध्यम से एक स्वच्छता गार्डन विकसित किया जा रहा है। यह गार्डन स्वच्छता के संदेश के साथ-साथ बस्तर की समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक प्रतीकों एवं स्थानीय पहचान को भी प्रदर्शित करेगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित यह सम्मान समारोह ग्राम पंचायत फरसपाल की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संवेदनशील प्रशासनिक सोच को दर्शाता है। फरसपाल ग्राम पंचायत का यह प्रयास यह संदेश देता है कि स्वच्छ भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब स्वच्छता कर्मियों को सम्मान, सुरक्षा एवं सहयोग के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

### पुराने शिक्षकों को प्राचार्य ने हटाने का आदेश जारी किया तो विरोध में

# प्रयास स्कूल के विद्यार्थियों ने एनएच पर किया चक्काजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़,29 जनवरी।** शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने ओड़िशा-रायगढ़ एनएच पर आज सुबह चक्काजाम कर प्रर्दशन शुरू कर दिया था। उनका कहना था कि नवपदस्थ प्राचार्य द्वारा पुराने शिक्षकों को हटाने का आदेश जारी कर दिया है। इससे उनका पढ़ाई प्रभावित होगा। इसी बात को लेकर विद्यार्थियों ने बीच सड़क पर बैठकर जमकर नारेबाजी की।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जूटमिल थाना क्षेत्र के गढ़उमरिया स्थित शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने मंगलवार को सुबह अचानक ओड़िशा-रायगढ़ नेशनल हाईवे पर पहुंचे और बीच सड़क पर बैठकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे दोनों तरफ से आने-जाने वाली वाहनों के चक्के थम गए, ऐसे में इसकी जानकारी जब पुलिस को लगी तो तत्काल जूटमिल थाना प्रभारी अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और इसकी जानकारी जिला प्रशासन को दी गई।



वहीं जब चक्काजाम के संबंध में विद्यार्थियों से बात की गई तो उनका कहना था कि अभी कुछ दिन पहले प्रयास विद्यालय में एक नया प्राचार्य आए हैं, जो बगैर जानकारी दिए ही फर्जी तरीके से उनसे हस्ताक्षर कराकर उन्हीं हस्ताक्षरों के आधार पर पुराने शिक्षकों को हटाने का आदेश जारी कर दिया है। साथ ही छात्रों का कहना था कि वे अपने पुराने शिक्षकों से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं, साथ ही उन शिक्षकों के पढ़ाने का तौर-तरीका भी काफी बेहतर है, ऐसे में अगर शिक्षकों को हटाया जाता है तो उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। जिससे पुलिस द्वारा बच्चों को काफी समझाईश दी गई, लेकिन उनका कहना था कि जब तक उन शिक्षकों के हटाने का आदेश निरस्त नहीं होगा, तब तक वे प्रदर्शन जारी रखेंगे। साथ ही चक्काजाम की जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीएम सहित जिला प्रशासन की आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और बच्चों को समझाईश देने लगे।

#### आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त

आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सुबह 10 बजे से ही आंदोलन शुरू कर दिया था, जिसे समझाने की कोशिश लगातार जारी रही, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। ऐसे में करीब दो घंटा तक प्रदर्शन चलने के बाद एसडीएम महेश शर्मा मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों को कहा कि किसी भी शिक्षक को नहीं हटाया जाएगा, जिसके आश्वासन मिलते ही विद्यार्थियों ने चक्काजाम समाप्त किया। ऐसे में करीब दो घंटे तक सड़क पर वाहन चालक भी परेशान रहे।

#### वाहनों की लगी लंबी कतार

गढ़उमरिया होकर जाने वाली सड़क ओडिशा से जुड़ती है, इससे इस मार्ग पर दिन-रात छोटी-बड़ी वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में मंगलवार को सुबह बच्चों द्वारा चक्काजाम किए जाने के कारण ओड़िशा की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। ऐसे में आंदोलन समाप्त होने के बाद पुलिस ने व्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों को रवाना किया, तब जाकर इस मार्ग से यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी।

## एक नजर

### सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण के लिए आवेदन 7 फरवरी तक

**धमतरी, 29 जनवरी ।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में सुरक्षा गार्ड कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए इच्छुक आवेदक आगामी 7 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि 18 से 45 वर्ष तक की आयु के न्यूनतम उंचाई 5 फीट 6 इंच और कम से कम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण योग्यताधारी पुरूष आवेदक इस प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेज के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

### ऑयल पॉम की खेती के लिए विशेष प्रशिक्षण 4 फरवरी को

**धमतरी, 29 जनवरी।** केन्द्र और छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल-ऑयल पॉम की खेती से खाद्य तेल में आत्मनिर्भर बनाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए योजना शुरू की गई है। उप संचालक, उद्यान श्रीमती पूजा कश्यप साहू ने बताया कि योजना के तहत ऑयल पॉम रोपण करने वाले किसानों को केन्द्र सरकार द्वारा देय अनुदान के अलावा राज्य शासन द्वारा विभिन्न घटकों में अतिरिक्त (टॉप-अप) अनुदान प्रदाय किया जा रहा है। इसकी जानकारी और तकनीकी मार्गदर्शन के लिए बुधवार 4 फरवरी को सुबह 11 बजे शासकीय उद्यान रोपणी बेन्द्रानवागांव में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में ऑयल पॉम खेती करने वाले किसान और इच्छुक किसान हिस्सा ले सकते हैं। उप संचालक ने अधिक से अधिक किसानों को शामिल होकर प्रशिक्षण का लाभ लेने की अपील की है।

### पत्रकार कालोनी पत्रकारों की एकजुटता का एक अच्छा उदाहरण:डॉ. रमन सिंह

**राजनांदगांव 28 जनवरी।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज 10 एकड़ में निर्मित पत्रकार आवासीय परिसर के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 3 करोड़ 79 लाख 91 हजार रूपए की लागत से पत्रकार आवासीय परिसर का लोकार्पण किया तथा परिसर में 49 लाख रूपए की लागत से पानी टंकी सम्पवेल एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि संस्कारधानी राजनांदगांव का गौरवशाली इतिहास रहा है और आज उसी में क्रम एक नया नाम जुड़ रहा है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पत्रकार कॉलोनी में लोकर्पण एवं भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव संस्कारधानी से उन्हें बहुत सारी जिम्मेदारियां और ताकत मिली है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि राजनांदगांव के पत्रकारों की मेहनत, परिश्रम और एकजुटता से पत्रकार कॉलोनी का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के लिए राजनांदगांव के पत्रकारों की एकजुटता एक अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि उसका मकान होता है। 141 पत्रकारों को अपना आवास मिलेगा। पत्रकार गणतंत्र को पोषित, पल्लिवत करने वाले कलम के जादूगर होते हैं।

यहां रानी सूर्यमुखी देवी के नाम से आवासीय परिसर होगा। उन्होंने सभी को पत्रकार कालोनी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दो हाई मास्ट लाईट एवं एक सड़क के निर्माण कराने की बात कही।

## 26जनवरी को प्रत्येक ग्राम व शहरी वार्ड में किया उल्लास मेले का आयोजन

### निरक्षरों को योजना से जोड़ने घर-घर किया गया सर्वे, मार्च में होगी मूल्यांकन परीक्षा

**रायगढ़, 29 जनवरी ।** नई शिक्षा नीति 2020 के तहत संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन जिले में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण, रायगढ़ श्री मयंक चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, रायपुर के निर्देशानुसार 26 जनवरी को जिले के प्रत्येक ग्राम एवं शहरी वार्ड में उल्लास मेले का आयोजन किया गया।



उल्लास मेले का मुख्य उद्देश्य योजना से लाभान्वित नवसाक्षरों एवं वर्तमान में अध्ययनरत शिक्षार्थियों को अपनी प्रतिभा, कौशल और आत्मविश्वास को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था। इस अवसर पर प्रत्येक गांव और वार्ड में विविध गतिविधियों के स्टॉल लगाए गए, जिनका संचालन स्वयं नवसाक्षरों एवं शिक्षार्थियों द्वारा किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित इस मेले में ग्रामीणों एवं नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की।


उल्लास मेले के आयोजन के साथ-साथ जिले के सभी ग्रामों और वार्डों में घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्य भी किया गया, ताकि शेष बचे निरक्षरों को चिन्हित कर उन्हें उल्लास योजना से जोड़ा जा सके। इस संबंध में जिला, विकासखंड एवं संकुल स्तर पर पूर्व में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। शासन की मंशा वर्तमान सत्र 2025-26 में पूरे राज्य को साक्षर घोषित करने की है। इसी क्रम में जिले के समस्त विकासखंडों में सर्वे कर चिन्हित असाक्षरों को उल्लास केंद्रों में अध्यापन कराया जा रहा है, ताकि वे आगामी मार्च 2026 में आयोजित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित हो सकें।



## पेंशनरों को बड़ी राहतः रायगढ़ में पेंशन निराकरण एवं वेतन निर्धारण शिविर, 63 प्रकरणों का त्वरित समाधान

**रायगढ़, 29 जनवरी ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय तथा जिला प्रशासन रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्ट्रेट स्थित सृजन सभा कक्ष में पेंशन निराकरण एवं वेतन निर्धारण संबंधी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों एवं कर्मचारियों के वेतन निर्धारण से जुड़े मामलों का शीघ्र, सरल एवं नियमानुसार निराकरण करना था।शिविर में संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय से श्री सिद्धार्थ गौराहा, श्रीमती सरिता दुबे एवं श्री अरिमर्दन मिश्रा द्वारा विभिन्न विभागों से प्राप्त लंबित पेंशन एवं वेतन निर्धारण प्रकरणों की गहन समीक्षा कर समाधान किया गया। इस दौरान कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 63 प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया।जिससे पेंशनरों एवं कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली।

## जंगल क्षेत्र में हाथी के बच्चे की हुई मौत



**रायगढ़, 29 जनवरी ।** जिले के विकासखण्ड घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम कया अंतर्गत जंगल क्षेत्र में एक हाथी के बच्चे (सावक) की मृत्यु का मामला सामने आया है। 27 जनवरी की सायंकाल स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई कि वन क्षेत्र में एक हाथी का बच्चा मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही वन अमला तत्काल मौके के लिए रवाना हुआ, किंतु रात्रि का समय, दुर्गम स्थल तथा मृत हाथी के दल के अन्य हाथियों की आसपास मौजूदगी के कारण उसी समय घटना स्थल तक पहुँचना संभव नहीं हो सका।

डीएफओ रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया 28 जनवरी को प्रातःकाल वन अमला आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 1310 स्थित घटना स्थल पर पहुँचा और मौके का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मृत हाथी सावक नर है, जिसकी आयु एक वर्ष से कम प्रतीत होती है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि अत्यधिक ढलान वाले क्षेत्र में गिरने के दौरान वह दो बड़ी चट्टानों के बीच की दरार में फंस गया, जिससे उसे गंभीर आंतरिक चोटें एवं आंतरिक रक्तस्राव हुआ और संभवतः इसी कारण उसकी मृत्यु हुई।

वन विभाग द्वारा बताया गया कि वर्तमान में घटना स्थल के आसपास अभी भी हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जिस कारण क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है और निरंतर निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। मृत हाथी सावक का विधिवत पोस्टमार्टम (पीएम) कराए जाने की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मृत्यु के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच की जाएगी। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे हाथियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल वन अमले को दें।

## मांग के अनुरूप जिले के 53, 9 और 31 उपार्जन केन्द्रों में दैनिक खरीदी की लिमिट बढ़ाई गई

**रायगढ़, 29 जनवरी ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत रायगढ़ जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में सुचारू रूप से जारी है। जिले में कुल 83 हजार 641 पंजीकृत किसानों के विरुद्ध अब तक 70 हजार 544 किसानों द्वारा धान विक्रय किया जा चुका है, जिससे उपार्जन प्रक्रिया की गति और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है। जिले में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धान विक्रय हेतु प्राप्त आवेदनों के अनुसार समय-समय पर उपार्जन केंद्रों की दैनिक खरीदी सीमा में वृद्धि की गई है। इसके तहत 53 उपार्जन केंद्रों, 9 उपार्जन केंद्रों एवं 31 धान उपार्जन केंद्रों की दैनिक खरीदी लिमिट बढ़ाई गई है, जिससे किसानों को समय पर टोकन और त्वरित धान विक्रय की सुविधा मिल रही है।

जिले में धान के अवैध परिवहन एवं कोचिया-बिचौलियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। सर्वाधिक 193 प्रकरण दर्ज, राज्य में 1 लाख 36 हजार 545.20 क्विंटल धान जब्त तथा 38 परिवहन वाहनों की जब्ती की गई है। साथ ही 225 कोचिया-बिचौलियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है, जो प्रशासन की सख्ती और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं, 5 हजार 449 किसानों द्वारा मैनुअल टोकन जारी करने के लिए प्राप्त आवेदनों में से 5 हजार 12 किसानों का भौतिक सत्यापन पूर्ण कर टोकन जारी कर धान क्रय किया जा रहा है।

### सरल प्रक्रिया, समय पर भुगतान : धान खरीदी पर भरोसा बढ़ा

**रायगढ़, 29 जनवरी ।** शासन के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी कार्य अंतिम चरण में भी पूरी पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसानों को सहज एवं समयबद्ध रूप से धान विक्रय का लाभ मिल रहा है। प्रशासन द्वारा धान खरीदी की शेष अवधि के दौरान भी सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी पात्र किसान निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत अपना धान विक्रय कर सकें।विकासखंड रायगढ़ के ग्राम केराझर स्थित धान उपार्जन केंद्र में धान विक्रय के लिए पहुंचे ग्राम कोसाबाड़ी निवासी किसान श्री आनंद राम राठिया ने ऑनलाइन टोकन प्रणाली के माध्यम से ढाई सौ कट्टी धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी वे धान विक्रय कर चुके हैं, जिसका भुगतान उन्हें समय पर सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हो चुका है। किसान श्री राठिया ने उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि केंद्र में बारदाना, पेयजल, छाया एवं बैठने जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही केंद्र प्रबंधन एवं कर्मचारियों द्वारा सहयोगात्मक व्यवहार किया जा रहा है, जिससे धान विक्रय की प्रक्रिया सरल एवं सुगम बनी हुई है। उन्होंने इस सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



# प्रदेश को मिले 8 नए साइबर पुलिस थाने, रायगढ़ को भी बड़ी सौगात

**रायगढ़, 29 जनवरी ।** साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और आम नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से प्रदेश के 8 नवीन साइबर पुलिस थानों का वर्चुअल उद्घाटन किया, जिसमें रायगढ़ जिला भी शामिल है। पुलिस मुख्यालय नया रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव श्री विकास शील, एसीएस (होम) श्री मनोज पिंगुआ तथा पुलिस महानिदेशक श्री अरूण सिंह गौतम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

रायगढ़ जिला मुख्यालय में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रिबन काटकर साइबर थाने का औपचारिक उद्घाटन किया। इसके पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रोजनामचा दर्ज कर साइबर थाना संचालन का विधिवत शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में पूर्व से संचालित साइबर सेल का उन्नयन कर साइबर थाना स्थापित किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्री नासिर खान की नियुक्ति के साथ 16 प्रशिक्षित स्टाफ पदस्थ किए गए हैं। आवश्यकता के अनुसार भविष्य में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ठगी, साइबर फ्रॉड एवं डिजिटल अपराध वर्तमान समय की गंभीर चुनौती हैं, ऐसे में साइबर थाना स्थापित होने से अपराधों की विवेचना में तेजी आएगी तथा पीड़ितों को शीघ्र राहत एवं न्याय मिल सकेगा।




कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा साइबर फ्रॉड से जुड़े अनुभव साझा किए गए तथा नागरिकों को सतर्क रहने, डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतने एवं साइबर जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में सभापति नगर निगम श्री डिग्री लाल साहू, पूर्व विधायक श्री विजय अग्रवाल, पार्षद श्रीमती पूनम सोलंकी, श्री सुरेश गोयल, श्री सुभाष पांडे, श्री पवन शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (साइबर सेल) श्री अनिल विश्वकर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री मयंक मिश्रा, डीएसपी श्री सुशांतो बनर्जी, श्री उत्तम प्रताप सिंह, श्रीमती साधना सिंह, साइबर थाना के समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### झूलेलाल चौक पर तिरंगा फहराया

**रायपुर, 29 जनवरी।** झूलेलाल चौक में झंडावंदन नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़ एम आई सी सदस्या अवतार बागल ,पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, मुखी बलराम आहूजा, भावेश पिठालिया ने संयुक्त रूप से झंडा फहराया, इस अवसर पर सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि झूलेलाल चौक और डिवाइडर का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा नहर पारा के दोनों ओर डामरीकरण होगा, पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने कहा कि जिस प्रकार हीरे मोती के जौहरी होते हैं उसी प्रकार मोदी जी नेताओं के जौहरी हैं मोदी ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाया योगी जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया, जिन्होंने उत्तर प्रदेश में माफिया को समाप्त किया, छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव सांई को मुख्यमंत्री बनाया जिन्होनें 80 प्रतिशत नक्सलियों को समाप्त कर दिया,इस अवसर पर मुखी हरनाम तलरेजा,नाथूलाल धनवानी अमर वलेचा,नरेश संतवानी,आसनदास पिडवानी,हेमनदास पोपटानी,आशीष आहूजा आदि उपस्थित थे



### बालाजी गार्डन फाफाडीह में झंडावंदन



**रायपुर, 29 जनवरी।** बालाजी गार्डन की सबसे वरिष्ठ महिला ममता जैन ने झंडा फहराया इस अवसर पर पूर्व पार्षद रमेश आहूजा समिति के अध्यक्ष राजेश वीरा, सचिव रतन अग्रवाल कोषाध्यक्ष अतुल खना वरिष्ठ नागरिक दिलीप अग्रवाल, पुरुषोत्तम पटेल, राम अवतार डोलावत, वीरेंद्र जैन, परेश सावला, सरवन जैन, राजेंद्र जैन, अनिल ओझा, मनोज अग्रवाल, आनंद पारक, इस्कॉन जैन, राहुल जायसवाल, दिनेश शर्मा, डॉ अरुण अग्रवाल, सोनू सिंघल महिला नेत्री श्रुति अग्रवाल, काजल अग्रवाल, निशा आहूजा, कविता रूपेरा , निशु, पिंकी अग्रवाल, आदि उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस समारोह में जिला पंचायत रायगढ़ की विकासपरक झांकी रही प्रथम

**रायगढ़, 29 जनवरी ।** 77वें गणतंत्र दिवस के गरिमामयी अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में जिला पंचायत रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत विकासपरक झांकी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने जिला पंचायत की टीम को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

निर्णायक मंडल ने झांकी को कलात्मक उत्कृष्टता, विषय की स्पष्टता और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ माना। झांकी ने ग्रामीण विकास की संकल्पना को जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हुए आम नागरिकों को गहराई से प्रभावित किया। झांकी का मुख्य आकर्षण 'लखपति दीदी' का अष्टभुजी मॉडल रहा, जिसमें यह प्रदर्शित किया गया कि किस प्रकार स्व-सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाएं आजीविका संवर्धन के माध्यम से वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक अर्जित कर रही हैं। यह मॉडल महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रभावी पहल के रूप में सराहा गया। झांकी के केंद्र में वीबी जी राम जी के अंतर्गत संचालित आदर्श ग्राम सभा का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी को दर्शाया गया। इसके साथ ही आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र, अटल डिजिटल केंद्र, सामुदायिक भवन, उचित मूल्य दुकान एवं मल्टी एक्टिविटी सेंटर के माध्यम से सरकारी योजनाओं से गांवों में आ रहे सकारात्मक बदलावों को रेखांकित किया गया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल, 350 किलोलीटर क्षमता की विशाल पानी टंकी, कृषि एवं जल संरक्षण के लिए निर्मित डबरी, कुआं और बाड़ी विकास को कलात्मक रूप में दर्शाया गया। विशेष रूप से 'आजीविका डबरी' को जल संरक्षण, सिंचाई, मत्स्य पालन एवं स्वरोजगार के संगम के रूप में प्रस्तुत किया गया, जो ग्रामीणों की आय वृद्धि का सशक्त माध्यम बन रही है। झांकी में कृषि सखी, पशु सखी, बैंक सखी, बिहान की दीदियों की समन्वित भूमिका को भी प्रभावी ढंग से दर्शाया गया, जो मिलकर एक आदर्श गांव के सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक ज्ञान, संसाधन और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती हैं। झांकी में लगाया गया क्यू आर कोड दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे स्कैन कर वे योजनाओं से संबंधित विस्तृत डिजिटल जानकारी प्राप्त कर रहे थे।



#### झांकी के अग्रभाग में अंकित थे प्रेरणादायी नारे

सुन गा किसान, सुन गा मितान, डबरी ला तैं लक्ष्मी जान के प्रेरणा दायी नारे ने स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और समृद्धि का संदेश दिया। समापन अवसर पर निर्णायकों ने इसे शासन की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे प्रभावशाली और प्रेरणास्पद प्रदर्शन बताते हुए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया।

### लैलूंगा सीएचसी बना एनक्यूएएस प्रमाणित पहला स्वास्थ्य संस्थान

**रायगढ़, 29 जनवरी ।** राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के नेतृत्व एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जगत के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले के लैलूंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ने नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) प्रमाणन प्राप्त कर जिले का पहला संस्थान बनने का गौरव हासिल किया है। यह उपलब्धि केवल लैलूंगा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे रायगढ़ जिले के लिए गर्व, विश्वास और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का प्रतीक बनकर सामने आई है।

## एक नजर

### श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा द्वितीय वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई



डोंगरगढ़ 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर के भुरवाटोला वार्ड नंबर 20 में श्रीराम जन्मभूमि उत्सव शुक्रवार को बहुत ही धूमधाम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम प्रभु श्री रामचंद्र जी की विधिवत पूजा व माता शीतला की पूजा अर्चना करने के पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया श्री राम जन्मभूमि की स्थापना दिवस के उपलक्ष में लगातार ।कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता शुभम परिहार एवं मुख्य अतिथि बालमुकुंद तराने,भाजपा के मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोआना ,नगर अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश, एवं नगर पालिका पार्षद हरीश मोटघरे भी मुख्य रूप से शामिल थे मुख्य वक्ता संबोधन मे शुभम परिहार ने भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं में वर्णित तीज त्योहारों के तहत अति महत्वपूर्ण के माध्यम से सामाजिक समरसता एवं पारिवारिक जीवन में शांति एवं। के संबंध में मुख्य अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की परंपरा और मान्यताओं के अनुसार चलकर ही हम देश और समाज के कुछ काम आ सके यही हमारी उपलब्धि होगी। छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा भगवान श्री राम के ऊपर नित्य प्रस्तुत किया गया एवं कुमारी राशि मरकाम के द्वारा भगवान श्री राम के चरित्र में कुछ प्रश्न उत्तर भी किया गया समिति के तरफ से सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया गया इसके पश्चात अनुराधा शर्मा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। वार्ड के सभी महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए और महाप्रसादी का आयोजन था जिसमें शामिल हुए जिसमें विशेष रूप से सहयोग प्रदान किया गया वंशिका अंचल ठाकुर चंचल वर्षा यादव रानी मरकाम पूजा दुर्गेश यादव सुधीर मरकाम अशोक यादव विक्की यादव एवं समस्त वार्ड वासियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

### उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को दिया स्वास्थ्य बीमा राशि भुगतान का आदेश

बलौदाबाजार, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता को बीमा राशि भुगतान करने का आदेश दिया है। आवेदन प्रस्तुति दिनांक से अदायगी दिनांक तक 9 प्रतिशत की दर से वार्षिक ब्याज सहित स्वास्थय बीमा की राशि 256751रूपये एवं मानसिक व आर्थिक क्षति हेतु राशि 50000 रूपये तथा वाद-व्यय हेतु 10000 रूपये आवेदक को प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार निवासी आवेदक शुभम अगिचाई द्वारा पर्सनल लोन लेते हुए अपना स्वास्थय बीमा 7 जनवरी 2022 को अनावेदक से कराया गया था। इसके उपरांत अप्रैल 2023 में बीमारी से ग्रसित होने पर विभिन्न हॉर्सपटलों में उपचार कराया पश्चात स्वास्थय बीमा राशि हेतु दावा अनावेदक के समक्ष प्रस्तुत किया परंतु अनावेदक के द्वारा आवेदक के जानबूझकर स्वास्थय स्थिति को छिपाते हुए बीमा पॉलिसी लेने पर बीमा पॉलिसी की शर्तों का उल्लंघन होने पर दावा अस्वीकार कर दिया गया जिससे परिवेदित होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं बीमा संबधित नियम शर्तों आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि कंपनी द्वारा आवेदक पर आक्षेप लगाया गया कि आवेदक के स्वास्थय संबंधित घटना पॉलिसी के प्रारंभ होने से पूर्व की है जबकि आवेदक के खाते से 7 जनवरी 2022 बीमा कराया जाना एवं बीमा प्रीमियम अदा किया जाना स्पष्ट रूप से प्रमाणित है। अनावेदक स्टार एंड हेल्थ एलाईड बिलासपुर को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए आवेदक को स्वास्थय बीमा की राशि 256751 रूपये आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय करने अयोग द्वारा आदेशित किया गया।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही

बलौदाबाजार 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 04 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 04 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# महानदी के पावन तट पर कर्णेश्वर मेला 31 जनवरी से

नगरी 29 जनवरी। सिहावा में श्रृंगी ऋषि पर्वत के नीचे महानदी के पावन तट पर ग्राम छिपली पारा का आश्रित ग्राम देउर पारा स्थित है यहाँ महानदी व बालका नदी का संगम होता है माँघ पूर्णिमा पर यहा हज़ारो श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते है। समीप ही 11वी शताब्दी में राजा कर्णराज द्वारा निर्मित शिव मंदिर,राम जानकी मंदिर ,नन्दी,गणेश मन्दिर,विष्णु के मंदिर है इस स्थान को लोग कर्णेश्वर धाम के नाम से जानते है कर्णेश्वरधाम मे माघ पूर्णिमा के अवसर पर 31 जनवरी से 5 फरवरी तक विशाल मेला का आयोजन प्रति वर्ष अनुसार किया जा रहा है। कर्णेश्वर धाम मे सोमवंशी राजाओं द्वारा निर्मित भगवान शिव एवं राम जानकी का मंदिर है।

मंदिर में लगे सोलह पंक्तियों की आयताकर भीतर शिलालेख कांकेर के सोमवंशी राजा कर्णराज के शासनकाल में शक् सम्वत 1114 में उत्कीर्ण कराया गया। शिलालेख संस्कृत भाषा के



देवनागरी लिपि में लिखी गयी है।शिलालेख से विदित होता है कि महराज कर्णराज ने अपने वंश की कीर्ति को अमर बनाने के लिए कर्णेश्वर देवहद मे छह मंदिरों का निर्माण किया।

एक अपने नि संतान भाई कृष्णराज के नाम, दूसरा मंदिर प्रिय पत्नी भोपालादेवी के नाम निर्मित कराया। कर्णराज ने त्रिनेत्रधारी भगवान शिव की आराधना कर प्रतिष्ठा किया। कर्णराजद्वारा निर्मित मंदिर मे शिव के अलावा मर्यादा पुरुषोत्तम राम जानकी मंदिर प्रमुख है।भगवान शिव को बीस वर्ग फुट आयताकार गर्भ गृह में प्रतिष्ठित किया गया ही। गर्भगृह का शीर्ष भाग कलश युक्त है। मंदिर का अग्रभाग मंडप शैली मे बना है, जिसकी छत आठ कोडीय प्रस्तर स्तंभों पर टिकी है। मंदिर का पूरा भाग पाषाण निर्मित है।जनश्रुति है कि कांकेर के सोमवंशी राजाओं के पूर्वज जगनाथपूरी उड़ीसा के मूल निवासी थे। सोमवंशी राजाओं ने पहले पहल नगरी मे अपनी राजधानी बनायी।

असाध्य रोगों के लिये अमृत कुण्ड कर्णेश्वर धाम मे एक प्राचीन अमृतकुण्ड है किवदंती ही कि इस कुंड के जल के स्नान से कोड जैसे असाध्य रोग ठीक हो जाता था।सोमवंशी राजाओ ने इसे मिट्टी से भर दिया। अमृतकुंड से लगा हुआ छोटा सरोवर मोती तालाब राजा के दो पुत्रियां सोनई-रूपई के नाम से जाना जाता है। सोनई रूपई कांकेर के राजा धर्म देव की पुत्रियाँ थी ।मन्दिर परिसर में विविध देवी देवताओं की प्रतिमा है सोम वन्शीय राजाओ का विजय स्तम्भ है माघपुर्णिमा के पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालु बालका व महानदी के संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बनेंगे।

**लुप्त हो जाती है अस्थियां:** बालका व महानदी संगम स्थल से दक्षिण दिशा में महानदी पर पचरी घाट पर स्थित कुण्ड में अस्थियां विसर्जित की जाती है मान्यता है कि यहाँ ढाई पहर में विसर्जित अस्थिया लुप्त हो जाती है।

**माता कर्मा व हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा:** कर्णेश्वर मन्दिर परिसर में नव निर्मित भक्त माता कर्मा व हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 30 व 31 जनवरी को होगा। मन्दिर का निर्माण जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा द्वारा अपने परिजनों की स्मृति में कराया गया है।वहीं भक्त माता कर्मा की मूर्ति गिरधारी लाल साहू साकरा व उनके परिवार द्वारा प्रदान की गई है तथा हनुमान जी की प्राचीन मूर्ति लक्ष्मन प्रसाद पांडेय नगरी द्वारा उनके परिजनों की स्मृति में दी गई थी

**विकास के कार्य होने से कर्णेश्वर धाम की शोभा बढ़ेगी:** ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि कर्णेश्वर धाम के विकास में राज्य सरकार पूरी तरह ध्यान दे रही है,जनभागीदारी से भी कार्य हो रहे है भव्य प्रवेश द्वार के लिये 11 लाख व शौचालय के लिये 7 लाख रुपए की स्वीकृति पर्यटन विभाग से प्राप्त हो गई है आने वाले समय मे मां अभियान के तहत करोड़ों रुपये के कार्य होने है जिसके लिये सी एस आर फण्ड की राशि जिला प्रशासन के प्रयास से स्वीकृति मिली है इससे कर्णेश्वर धाम की शोभा बढ़ेगी ।

2 फरवरी को दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा भिलाई ,3 फरवरी को स्वरागनी डांस ग्रुप रतनपुर की प्रस्तुति मेला महोत्सव के दौरान होगी।

### 150867 किसानों से 742443 मीट्रिक टन धान खरीदी कर अब तक किया गया 1601 करोड़ का भुगतान

# जिले में अब तक 90 प्रतिशत किसानों ने बेचा धान

बलौदाबाजार, 29 जनवरी। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य में धान खरीदी जिले में सुचारु रूप से संचालित है। अब तक जिले के 90 प्रतिशत किसानों ने धान विक्रय कर लिया है एवं शेष किसानों से धान खरीदी सभी 166 उपार्जन केंद्रों में जारी है।

जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकानके अनुसार अब तक 150867 किसानों से 742443 मेट्रिक टन धान खरीदी हुई है जिसके एवज़ में किसानों को 1601 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।धान खरीदी हेतु जिले के कुल 167120 किसानों ने पंजीयन कराया है जिसमें से लगभग 90 प्रतिशत किसान धान बेच चुके है।अब तक 279255 मेट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है जो जारी डीओ का 70.66 प्रतिशत है। इसके साथ ही 123867 किसानों से लगभग 7105 हेक्टेयर रकबा



समर्पण कराया गया है। ज्ञातव्य है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में विगत 15 नवम्बर 2025 से 166 उपार्जन केन्द्र के माध्यम से समर्थन मूल्य में सुचारु रूप से धान खरीदी का कार्य संचालित है। पारदर्शी व्यवस्था हेतु उपार्जन केंद्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं जिनके द्वारा हर सप्ताह केन्द्र का जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा रहा है इसके साथ ही अवैध धान पर संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है।सभी खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### प्रशासन ने 350 कट्टा अवैध धान किया जब्त

शासन के मंशानुरूप जिले में पारदर्शी धान खरीदी हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में अवैध धान के भंडारण और परिवहन के विरुद्ध सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने 350 कट्टा अवैध धान जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील पलारी दो अलग अलग प्रकरणों में 216 कट्टा अवैध धान जब्त कर उपार्जन केन्द्र रोहांसी के सुपुर्द दिया गया। ग्राम बोहारडीह में अश्वनी कुमार साहू के पास से 26 कट्टा तथा कसडोल के ग्राम रिकोखुर्द में पवन कुमार साहू पिता गजाधर द्वारा 108 कट्टा धान का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। संयुक्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए धान को वाहन सहित जब्त कर लिया और उसे रिकोखुर्द के कोटवार की सुपुर्दगी में दिया गया। जिला प्रशासन शासन की मंशानुरूप पारदर्शी धान खरीदी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और बिचौलियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाए हुए है।

# सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 29 जनवरी। एक्सेस बैंक के कर्मचारी उमेश गोरले के द्वारा खाताधारकों से करोड़ों की ठगी का मामला शांत हुआ ही नहीं था कि एक और डोंगरगढ़ के तथाकथित फर्जी पत्रकार के ऊपर लोगों को सरकारी नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी का मामला प्रकाश में आया है वहीं इस मामले में एक बीजेपी के पूर्व पार्षद का नाम सामने आ रहा है। वहीं बताया जाता है कि नौकरी लगाने के नाम पर 420 सी का खेल लगभग लगभग 04 वर्ष पूर्व से चला आ रहा है और इसका खुलासा झांसे में आए लोगों के सामने आने के बाद भंडाफोड़ हो रहा है। वहीं इस मामले में धोखा खाए ग्राम मुसरा प्रतिष्ठित ग्रामवासी शिव कुमार टेम्बुरकर ने बताया कि डोंगरगढ़ के रहने वाले तथाकथित पत्रकार के द्वारा मेरे नंबर पर वाट्सएप ग्रुप में सरकारी नौकरी का विज्ञापन भेज संपर्क कर नौकरी लगाने का झांसा देकर मेरी साली को सरकारी नौकरी लगा दूंगा कहकर अलग अलग किश्तों में फोन पे व नगदी के माध्यम से 03 लाख रु लिया गया है और 03 वर्ष बीतने के बाद भी ना ही नौकरी मिली ना ही पैसा वापस हुआ। पैसा वापस मांगने इस तथाकथित पत्रकार द्वारा गुमराह करने के साथ साथ कहा जाता है कि जाओ थाने में शिकायत कर दो मुझे जेल भेजवा दो सहित आत्महत्या करने की धमकी देते हुए कहा जाता है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, मेरा तो आईजी,एसपी सहित जिले के पुलिस अधिकारियों सहित थाना डोंगरगढ़ से सेटिंग है मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकते ? तथाकथित पत्रकार के खिलाफ मैं शीघ्र ही उच्च पुलिस अधिकारियो के समक्ष प्रस्तुत हो मेरे साथ हुई जालसाजी के सबूत के साथ ऐसे झूठे, जालसाजो पर कठोर कार्रवाई की मांग करने वाला हूं।

बताया जाता है कि इस फर्जी पत्रकार की जालसाजी में दो दर्जन से अधिक शिकार हुए हैं जिसमें प्रमुख रूप से रामकृष्ण वर्मा, रामकुमार ठाकरे, अश्वन निषाद, डोगेंन्द्र जघेल, पूनमचंद वर्मा,निखिल, दीनदयाल पटेल मुरारी साहू, मोतीलाल साहू, हृदयलाल वर्मा,शीतल दास साहू, बिसाहू नागवंशी, चिरंजीव,केशव, यश कुमार, मुरारी साहू, मोतीलाल साहू सहित अन्य लोग और है जो नौकरी या पैसा पाने की चाह में अब तक फर्जी के चक्कर काट रहे है। हालांकि पीड़ितों ने अब तक अपने साथ हुए जालसाजी की शिकायत पुलिस के पास नहीं की है ?

नौकरी के नाम पर जालसाजी के मामले में बुधवार को डोंगरगढ़ के दिवंगत पार्षद रमेश लिल्हारे की पत्नी उमा भारती लिल्हारे और ग्राम पंचायत पनियाजोब निवासी बसंत राम साहू ने मीडिया के समक्ष अपने साथ हुई धोखाधड़ी की दुखभरी दास्तान बताते हुए शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगाने की बात की जा रही है कि जालसाजी के रैकेट में शामिल आरोपियों का पर्दाफाश करते दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग कर रहे है जिनका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। अब देखना है कि नौकरी का के नाम पर जालसाजी कर लाखों रु की धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध कितने शिकायतकर्ता सामने आते हैं या फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जायेगा। समाचार लिखे जाने तक आरोपियों के द्वारा लोगों से लगभग 56 लाख रु की जालसाजी करने की बात सामने आ रही है। इस पूरे मामले में डोंगरगढ़ थाना प्रभारी संतोष जायसवाल ने कहा कि शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मी बाई के छठे वंशज वैभव साठे ने मां बमलेश्वरी मंदिर में की पूजा-अर्चना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 29 जनवरी। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध धर्म स्थल मां बमलेश्वरी देवी जी के दर्शन हेतु वैभव साठे इंदौर से, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के छठे वंशज धर्मनगरी पहुंच कर देवी दर्शन कर देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की ,इस अवसर पर माता जी के दर्शन के बाद मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ वरिष्ठ ट्रस्टी बबलू शांडिल्य के द्वारा ऊपर मंदिर कार्यालय में श्री साठे को माता जी का चित्र भेट कर सम्मान किया गया । मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ के वरिष्ठ ट्रस्टी बबलू शांडिल्य एवं ट्रस्टी संजीव गोमास्ता ने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है एक ऐतिहासिक महत्व रखने वाले



परिवार वीरांगना झांसी की रानी के छठे वंशज का डोंगरगढ़ आना हुआ ।मीडिया से चर्चा के दौरान वैभव साठे ने मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के धार्मिक व्यवस्था पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे कहा कि आज जो सम्मान ट्रस्ट के द्वारा मिला उसका में आभार व्यक्त करता हूं। एक प्रसिद्ध फूड साइंटिस्ट और अंतरराष्ट्रीय वक्ता हैं। उन्होंने रामचरितमानस आधारित आहार प्रणाली पर काम किया है, जो एक अनोखा और स्वस्थ आहार दृष्टिकोण है रामचरितमानस आधारित आहार प्रणाली में, वैभव साठे ने भारतीय संस्कृति और आयुर्वेद के सिद्धांतों को शामिल किया है। इस आहार प्रणाली में, वे मिल्ट्स, फ्ल, सब्जियां, और दालें जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों पर जोर देते हैं। वे प्रोसेस्ड फूड और शुगर से बचने की सलाह देते हैं। वैभव सठे जी के काम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है, और वे कई देशों में अपने आहार प्रणाली पर व्याख्यान देते हैं। वे डोंगरगढ़ के एक निजी होटल में जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर व्याख्यान देने आए थे उक्त कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों सहित किसान परिवार के सदस्यों की भी उपस्थिती रही।

### एक्सपो में 3 हजार से 12 लाख तक की छूट मिलने से 9 दिन में बिक गए 15,600 से ज्यादा वाहन



रायपुर 29 जनवरी। राजधानी रायपुर के श्रीराम बिजनेस पार्क में चल रहे रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) के ऑटो एक्सपो-26 में 50 प्रतिशत रोड टैक्स की छूट के साथ ही कंपनियों के ऑफर मिलाकर वाहनों की खरीदी पर 3 हजार रुपए से लेकर 12 लाख रुपए तक की छूट मिल रही है। इसके चलते एक्सपो में वाहनों की जमकर बिक्री हो रही है। ग्राहकों का उत्साह इतना अधिक है कि 9 दिनों में ही राडा ऑटो एक्सपो में 15,600 से ज्यादा वाहनों की बिक्री हो गई है। एक्सपो में बुधवार को मुख्य अतिथि विधायक श्री सुनील सोनी, छत्तीसगढ़ राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल विश्वकर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष श्री डॉ. सलीम राज, श्री नितिन काबरा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोटर डीलर बिजनेस और श्री वैभव अग्रवाल बिजनेस हेड, एजेंसी एंड रिटेल ब्रोकिंग थे। एक्सपो पहुंचे अतिथियों विधायक श्री सोनी, छत्तीसगढ़ राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष श्री डॉ. राज, श्री काबरा और श्री अग्रवाल का गरिमामय वातावरण में राडा परिवार की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने राडा के एक्सपो की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि राडा ऑटो एक्सपो ऐसा आयोजन है जिसमें ग्राहक शानदार छूट के साथ अपने सपनों का वाहन चुन सकते हैं।


**न्यायालय तहसीलदार सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र 202601211000004
अ/6 (अ) वर्ष 2025-26
साकिन- मुसुवाडीह प.ह.नं. 18

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम मुसुवाडीह प.ह.नं. 18 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ताजनबाई टण्डन पिता पुनउ पति सुखदेव जाति सतनामी निवासी ग्राम डोंगरिया तहसील सिमगा द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम मुसुवाडीह प.ह.नं. 18 स्थित कृषि भूमि ख.नं. 1605 रकबा 0.29 हे. से संबंधित राजस्व अभिलेखों में आवेदिका/ सहभूमिस्वामी का नाम राजकुंवर पिता पुनउ के स्थान पर राजकुंवर उर्फ ताजन बाई टण्डन पिता पुनउ किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा से जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम् से पेशी दिनांक 06-02-2026 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार सिमगा

**न्यायालय तहसीलदार सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र 202601211000003
अ/6 (अ) वर्ष 2025-26
साकिन- मुसुवाडीह प.ह.नं. 18

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम मुसुवाडीह प.ह.नं. 18 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कुमारी बारले पिता पुनउ, पति भागचरण जाति सतनामी निवासी ग्राम पौसरी तहसील सिमगा द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम मुसुवाडीह प.ह.नं. 18 स्थित कृषि भूमि ख.नं. 1605 रकबा 0.29 हे. से संबंधित राजस्व अभिलेखों में आवेदिका / सहभूमिस्वामी का नाम राजकुमारी पिता पुनउ के स्थान पर राजकुमारी उर्फ कुमारी बारले पिता पुनउ किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा से जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम् से पेशी दिनांक 06-02-2026 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार सिमगा

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202601094500016**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2025-2026

झंडातलाव प.ह.न. 00016 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- रामबाई ठाकुर,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका रामबाई ठाकुर पति सोमनाथ ठाकुर जाति गोंड, निवासी ग्राम आसरा कृषक ग्राम झण्डातलाव तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदिका अपने काका ससुर मिलन गाँड पिता गजरु जाति गोंड का मृत्यु 06.05.1984 को स्थान झण्डातलाव में हुआ है. जो कि भूलवश ग्राम पंचायत झण्डातलाव में संधारित मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नही हो पाया है। आवेदिका अपने काका ससुर मिलन गोंड पिता गजरु जाति गोंड की मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत झण्डातलाव में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत झण्डातलाव में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 30.1.2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/01/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार लाल बहादुर नगर

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202601094500015**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2025-2026

झंडातलाव प.ह.न. 00016 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-रामबाई ठाकुर,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका रामबाई ठाकुर पति सोमनाथ ठाकुर जाति गोड, निवासी ग्राम आसरा कृषक ग्राम झण्डातलाव तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदिका अपनी बूडी सास स्व. इरई बाई गोंड पति गजरु जाति गोंड का मृत्यु 17.07.1999 को स्थान झण्डातलाव में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत झण्डातलाव में संधारित मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नहीं हो पाया है। आवेदिका अपनी बूड़ी सास स्व इरई बाई गोंड पति गजरू जाति गोंड की मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत झण्डातलाव में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत झण्डातलाव में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 30.1.2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/01/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार लाल बहादुर नगर

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202601094500017**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2025-2026

मड़ियान प.ह.न. 00010 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सरोज चन्द्रवंशी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरोज चन्द्रवंशी पति कमलेश चन्द्रवंशी जाति कवर, निवासी ग्राम धनडोंगरी तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदिका अपनी माता सीताबाई पति स्व. अंकालू जाति कंवर का मृत्यु 08.10.2014 को स्थान मड़ियान में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत मड़ियान में संधारित मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नही हो पाया है। आवेदिका अपनी माता सीताबाई पति स्व. अंकालू जाति कंवर की मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत मड़ियान में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत मड़ियान में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 30.1.2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/01/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार लाल बहादुर नगर


# शकुंतला फाउंडेशन ने बापू की कुटिया में झंडा फहराकर मनाया गणतंत्र दिवस

रायपुर 29 जनवरी। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर शकुंतला फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ द्वारा कलेक्टर परिसर गार्डन स्थित बापू की कुटिया में ध्वजा फहरा कर भारत माता का वंदन किया गया। कार्यक्रम सामाजिक सरोकार और बच्चों की खुशियों को समर्पित रहा।

इस अवसर पर विशेष एवं सामान्य बच्चों के लिए मनोरंजक खेल, सांस्कृतिक गतिविधियाँ और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी उपस्थितजनों का दिल जीत लिया। संस्था की ओर से सभी बच्चों को उपहार भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गार्गी पांडे और महिमा जोसेफने विशेष बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान फाउंडेशन की अध्यक्ष स्मिता सिंह, कृष्णा, अमिता अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब बीरगांव की एक जरूरतमंद विशेष बालिका की शिक्षा का पूरा दायित्व स्मिता सिंह ने अपने



हाथों में लिया। बालिका के दादा जी ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि स्मिता सिंह पूर्व में भी कई जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था कर रही हैं। शकुंतला फाउंडेशन का यह आयोजन गणतंत्र दिवस को केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि समावेश और सेवा के उत्सव के रूप में मनाने का प्रेरक उदाहरण बना।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 10306/न.पा.नि./2026 रायगढ़ दिनांक 28/01/2026

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 184482 | DEVLOPMENT OF MUKTIDHAM RAJIV NAGAR AT W.N.01 (3rd Call) | 39.02 | 09.02.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. रायगढ़

**कार्यालय नगर पंचायत-नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

Phone&Fax No.07700251887 E-mail-cmonagri84@gmail.com

क्र./1437/न.प./लो.स्वा./2025-26 नगरी दिनांक 29/01/2026

**//रूचि की अभिव्यक्ति के अंतर्गत सार्वजनिक प्रसाधन के संचालन/संधारण हेतु ऑफर दर (EOI) द्वितीय सूचना//**

एतद् द्वारा नगर पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 07 बस स्टैण्ड स्थित 01 सार्वजनिक प्रसाधन को पे एंड यूज के आधार पर संधारण एवं संचालन करने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से स्व सहायता समूह/एन.जी.ओ./अन्य पंजीकृत संस्था से निकाय द्वारा नियत किराया एवं शर्तों का पालन करते हुये ऑफर दर आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक स्व सहायता समूह/एन.जी.ओ./अन्य पंजीकृत संस्था, पंजीयन प्रमाण पत्र, पेन कार्ड एवं 5000.00 रू. की अमानत राशि का एफ.डी.आर. एवं आवेदन शुल्क 1000.00 रू रसीद/डी.डी. के माध्यम से दिनांक 09/02/2026 को 3.00 बजे तक पंजीकृत डाक के माध्यम से मुहरबंद लिफाफा में अपना ऑफर दर प्रस्तुत कर सकते हैं। कार्य से संबंधित आवश्यक नियम शर्तों विभागीय वेबसाईड https://uad.cg.gov.in/ एवं नगर पंचायत नगरी के सूचना पटल में अवलोकन की जा सकती है।

सूचना जानें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नगरी
जिला-धमतरी (छ.ग.)

